राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 111 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



हरियाणा सरकार द्वारा संत धन्ना भगत जी की जयंती कैथल में बड़े धूमधाम से मनाई गई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

# अमृतपाल सिंह 36 दिन बाद अरेस्ट

असम जेल पहुंचाया: भिंडरांवाला के गांव पहुंचकर गुरुद्वारे से प्रवचन दिए, गिरफ्तारी से मोगा में तनाव, जिस रोडे गांव से अमृतपाल को पकड़ा गया, वहीं जरनैल सिंह भिंडरांवाला का जन्म हुआ था

**गिरफ्त में....**

**= अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद मोगा जिले में तनाव है। यहां पुलिस फोर्स की तैनात के अलावा रोडे गांव में एसएसपी ने खुद फ्लैग मार्च किया**





**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**वारिस** पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह को पंजाब पुलिस ने 36 दिन की फरारी के बाद मोगा जिले में रोडे गांव के गुरुद्वारे से रविवार सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर अरेस्ट कर लिया। इसके बाद पंजाब पुलिस उसे बठिंडा के एयरफोर्स स्टेशन से गई। वहां से उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। दोपहर पौने 4 बजे पुलिस ने अमृतपाल को डिब्रूगढ़ जेल अथॉरिटी के हवाले कर दिया। उधर अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद मोगा जिले में तनाव है। यहां पुलिस फोर्स की तैनात के अलावा रोडे गांव में एसएसपी ने खुद फ्लैग मार्च किया। इस गांव में बने संत खालसा गुरुद्वारे के ग्रंथी ने बताया कि अमृतपाल शनिवार रात को गांव पहुंचा। रविवार सुबह गिरफ्तारी से पहले उसने गुरुद्वारे के ग्रंथी से पांच ककार (केश, कृपाण, कंघा, कड़ा और कच्छा) लेकर पहने और प्रवचन के जरिए लोगों को संबोधित किया।

**भिंडरावाले के जन्म स्थान पर सरेंडर की प्लानिंग की:** जिस रोडे गांव से अमृतपाल को पकड़ा गया, वहीं जरनैल सिंह भिंडरांवाला का जन्म हुआ था। वारिस पंजाब दे का प्रमुख बनने के लिए यहीं पर अमृतपाल की दस्तारबंदी हुई थी। अमृतपाल समर्थकों की भीड़ के साथ सरेंडर करके शक्ति प्रदर्शन करना चाहता था। इसके लिए रविवार का दिन चुना गया। अमृतपाल के करीबियों ने ही पंजाब पुलिस को उसके सरेंडर प्लान के बारे में बताया था। पुलिस को आशंका थी कि भीड़ जमा होने पर माहौल बिगड़ सकता है। लिहाजा पुलिस टीम सादे कपड़ों में गुरुद्वारे पहुंची और सुबह-सुबह ही उसे गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस ने मर्यादा का ध्यान रखा, गुरुद्वारे के अंदर नहीं गई:** पंजाब पुलिस के आईजी हेडक्वार्टर डॉ. सुखचैन सिंह गिल ने कहा, 'पुलिस ने 35 दिन से दबाव बनाया था। इंटेलिजेंस विंग के पास रोडे गांव में अमृतपाल की मौजूदगी का इनपुट था। उसे नाका लगाकर घेर लिया गया, लेकिन वह गुरुद्वारा साहिब के अंदर था। मर्यादा को देखते हुए पुलिस अंदर नहीं गई। अमृतपाल सिंह से बाहर आने के लिए कहा गया, फिर उसे गिरफ्तार किया गया।

## अमृतपाल का तख्त पर सरेंडर का प्लान फेल हुआ था

**पुलिस** सूत्रों के अनुसार अमृतपाल सिंह बैसाखी के दिन यानी 14 अप्रैल को सरेंडर करना चाहता था। उसने बठिंडा में तलवंडी साबो स्थित तख्त दमदमा साहिब में सरेंडर की प्लानिंग की थी। पंजाब पुलिस ने इसका पता चलने पर दमदमा साहिब में सुरक्षा कड़ी कर दी थी। इसके बाद वह 22 अप्रैल को रोडे गांव पहुंचा, जहां पुलिस ने उसे पकड़ लिया। मोगा के रोडे गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। मोगा के एसएसपी जे एलानचेलियन समेत पुलिस के बड़े अधिकारियों ने 15 गाड़ियों में फ्लैग मार्च निकाला।

**समर्थक को छुड़ाने के लिए थाने पर हमला कराया था:** अमृतपाल पर एनएसए के तहत केस दर्ज है। वह 36 दिन से फरार था। उसने 23 फरवरी को अपने एक समर्थक की रिहाई के लिए पंजाब के अमृतसर जिले में अजनाला पुलिस थाने पर हमला किया था।

## 24 घंटे में कोरोना के 10,112 नए मामले, 29 मौतें



**नई दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 10 हजार 112 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 29 लोगों की मौत हुई है। इस दौरान 9 हजार 833 लोग ठीक हुए हैं। फिलहाल एक्टिव केस का आंकड़ा 67 हजार 806 है। 12 हजार 193 नए मामले दर्ज किए गए थे, जबकि 42 लोगों की मौत हुई थी। 10 हजार से ज्यादा लोग कोरोना से रिकवर भी हुए थे। अप्रैल के 22 दिनों में 1.69 लाख नए केस मिले हैं। मार्च के 31 दिनों में सिर्फ 31,902 केस सामने आए थे। उसके मुकाबले अप्रैल में 5.3 गुना ज्यादा केस मिले हैं। अभी अप्रैल के 8 दिन बाकी हैं, ऐसे में नए केस का आंकड़ा काफी ज्यादा होने की उम्मीद है। अप्रैल की शुरूआत में 2-3 हजार डेली आ रहे थे। यह आंकड़ा रोजाना एक हजार बढ़ता गया और 12 अप्रैल को 10,158 केस मिले।

## बंगाल में लड़की का शव पुलिस ने सड़क पर घसीटा



**टीम एक्शन इंडिया/उत्तर दिनाजपुर**
**पश्चिम** बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक दलित नाबालिग के साथ कथित रेप और हत्या के बाद जमकर हिंसा हुई। ग्रामीणों ने युवती का शव लेने आए पुलिसकर्मियों पर पत्थरबाजी की। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रैपिड एक्शन फॉर्स के जवानों को बुलाना पड़ा। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज भी किया। लड़की का शव घसीटे जाने की घटना शुक्रवार की है और इसका वीडियो शनिवार से वायरल हो रहा है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इस घटना का वीडियो शेयर किया है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो आज पीड़ित के परिवार से मुलाकात करने दिनाजपुर जाएंगे। कानूनगो ने ट्वीट कर कहा था- बच्ची का सामूहिक बलात्कार व हत्या की गई, शव को अपमानित करने का आरोप पुलिस पर है।



हरियाणा सरकार द्वारा संत धन्ना भगत जी की जयंती कैथल में बड़े धूमधाम से मनाई गई। कैथल जिले के गांव धनौरी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।

## अगले 15-20 दिनों में गिर जाएगी शिंदे सरकार: राउत



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**उद्धव ठाकरे** की शिवसेना के नेता संजय राउत ने दावा किया है कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की सरकार अगले 15 से 20 दिनों में गिर जाएगी। उन्होंने रविवार को कहा कि गवर्नमेंट का डेथ वारंट जारी हो चुका है। अब यह तय होना है कि इसपर साइन कौन करेगा। राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रही है और उम्मीद कर रही है कि उनके साथ न्याय होगा। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के धड़ों की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। ये याचिकाएं पिछले साल राज्य में हुए राजनीतिक उठापटक से जुड़ी हुई थीं।

## मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई: पायलट




**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**वसुंधरा सरकार** में हुए कथित भ्रष्टाचार पर एक दिन का अनशन कर चुके पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने खुद के अनशन को पार्टी विरोधी बताने पर रविवार को तंज कसा। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को जो कुछ हुआ, वह सबके सामने हुआ। खुलेआम सोनिया गांधी के आदेशों की अवहेलना हुई, खड़गे साहब और माकन की खुलेआम बेइज्जती की गई। पार्टी विरोधी गतिविधि तो वह थी। उसके बाद कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हुई, फिर थम गई, उस पर भी सवाल उठेंगे, लेकिन इसका जवाब मेरे पास नहीं है। पायलट रविवार को जयपुर के झारखंड महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बात सच है कि 25 सितंबर की घटना हुई वह उस समय की हमारी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के विरोध में बगावत थी। जो विद्रोह हुआ था, उससे पार्टी और सरकार को क्षति पहुंची थी। सब पब्लिक डोमेन में है। पार्टी ने शो कॉज नोटिस जारी किए। उसके बाद जवाब आए। नहीं आए तो क्या कार्रवाई हुई, यह सवाल तो बनता ही है। हमने पटवारी पर छापे मारने के लिए वोट नहीं मांगे थे।

**साधा निशाना**

**= 25 सितंबर को जो कुछ हुआ, वह सबके सामने हुआ। खुलेआम सोनिया गांधी के आदेशों की अवहेलना हुई**

## यूथ कांग्रेस प्रेसिडेंट श्रीनिवास को असम पुलिस का नोटिस



**दिसपुर:** यूथ कांग्रेस के नेशनल प्रेसिडेंट श्रीनिवास बीवी को असम पुलिस ने रविवार को नोटिस जारी किया है। पुलिस ने श्रीनिवास को 2 मई को सुबह 11 बजे दिसपुर पुलिस स्टेशन में हाजिर होने को कहा है। नोटिस में यह भी लिखा है कि अगर श्रीनिवास ऐसा नहीं करते हैं तो वे सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत गिरफ्तार किए जाएंगे। असम यूथ विंग प्रेसिडेंट रहीं अंगकिता दत्ता ने श्रीनिवास और पार्टी सचिव वर्धन यादव पर पिछले 6 महीनों से मानसिक शोषण और भेदभाव का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने शनिवार को ही अंगकिता को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। इस एक्शन के बाद अंगकिता दत्ता ने ट्विटर अकांउट पर खुद को असम यूथ कांग्रेस की प्रताड़ित महिला अध्यक्ष बताया है।

## दुनिया की मदद करने वाला भारत एकमात्र देश: संघ



**टीम एक्शन इंडिया/साबरकांठा**
**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत रविवार को गुजरात में बनासकांठा पहुंचे। वे मुदेती गांव में श्री भगवान याज्ञिवल्क्य वेद संस्कृत महाविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल हुए। संघ प्रमुख ने अमेरिका, रूस, चीन समेत दुनिया के बड़े देशों के साथ भारत की नीतियों पर बात की। संघ प्रमुख ने कहा- बलवान होकर बड़े देश क्या करते हैं, डंडा चलाते हैं। पहले रूस चलाता था, उसको अमेरिका ने गिरा दिया। उसने अपना डंडा चलाना शुरू किया। अब चीन आया है। ऐसा लगता है कि वह अमेरिका को पछाड़ देगा। यही वजह है कि यूक्रेन को मोहरा बना कर अमेरिका और रूस लड़ रहे हैं। हमसे कह रहे हैं कि हमारा सपोर्ट करो। लेकिन, हमने साफ कर दिया कि आप दोनों ही हमारे दोस्त हैं और आप दोनों के बीच जो मर रहा है, हम उसके भी दोस्त हैं। इसलिए पहले जंग बंद करो। आज का भारत दुनिया को ऐसा बोलने की क्षमता रखता है।

**धर्म को मानने वाला देश किसी का लाभ नहीं उठाता:** भागवत ने आगे कहा- आज जब भी किन्हीं देशों के बीच जंग होती है तो भारत कहता है, ये लड़ाई का जमाना नहीं है, लड़ना बंद करो।

## जंतर-मंतर में दोबारा धरने पर बैठे पहलवान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और ओलंपियन पहलवानों का विवाद दोबारा तूल पकड़ता दिख रहा है। पहलवान रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचकर वहां पर दोबारा से धरने पर बैठ गये हैं। पहलवानों का आरोप है कि सरकार ने उनके साथ धोखा किया है, एक महीने में कार्रवाई का भरोसा दिया गया था लेकिन अब तीन महीने बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। साथ ही कहा कि सरकार ने पहलवानों को जो आश्वासन दिया था वह झूठा निकला। सरकार ने पहलवानों के साथ धोखा किया है। धरना खत्म करवाते समय एक महीने में जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की बात कही गई थी। हम कई बार सरकार को चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन सरकार ने जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की।

## डॉ. राजीव बिंदल बने हिमाचल भाजपा के नए अध्यक्ष



**शिमला:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने डॉ. राजीव बिंदल को हिमाचल प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं सिद्धार्थन को हिमाचल भाजपा का प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया है। भाजपा की विधानसभा चुनाव में हार के चार महीने बाद यह बड़ा फैसला लिया गया है।

**27 मई 2020 को दिया था इस्तीफा:** स्वास्थ्य विभाग में गड़बड़झाले में स्वास्थ्य निदेशक के कथित ऑडियो वायरल मामले में राजीव बिंदल ने 27 मई 2020 को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। सोशल मीडिया पर 43 सेकेंड का एक ऑडियो क्लिप वायरल हुआ था। इसमें स्वास्थ्य निदेशक की आवाज पाए जाने के आरोप लगे थे। इसमें करीब पांच लाख रुपये के अवैध लेन-देन की बातें सामने आई थीं।

## केदारनाथ धाम में बारिश-बर्फबारी जारी, रजिस्ट्रेशन रूका



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड की** चारधाम यात्रा शनिवार को अक्षय तृतीया से शुरू हो गई। अगले 5 दिन में हिन्दू तीर्थ यात्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के दर्शन करेंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट 22 अप्रैल को खुल गए। केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल को खोले जाएंगे। यात्रा शुरू होते ही केदारनाथ धाम में रविवार को रुक-रुककर बारिश और बर्फबारी हो रही है। खराब मौसम के कारण हरिद्वार और ऋषिकेश में केदारनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का रजिस्ट्रेशन 30 अप्रैल तक रोक दिया गया है। राज्य सरकार ने तीर्थयात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। यात्रियों से कहा गया है कि वे धाम जाने से पहले अपने साथ गर्म कपड़ा और जरूरी सामान साथ रखें। इधर, केदारनाथ में हेलिकॉप्टर के रोटर ब्लेड की रेंज में आने से एक शख्स की मौत हो गई। एसपी रुद्रप्रयाग विशाखा अशोक के मुताबिक, मरने वाला शख्स केदारनाथ में हेलिकॉप्टर चलाने वाली कंपनी में अधिकारी था। उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने कहा, शनिवार को केदारनाथ धाम में भारी बर्फबारी हुई थी। तीर्थयात्री सतर्क रहें और मौसम को देखते हुए अपनी यात्रा शुरू करें। सरकार की ओर से कहा गया है कि सभी रास्तों पर इलाज के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**एडवाइजरी जारी**

**= केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल को खोले जाएंगे**

## भारत-चीन के बीच 18वें दौर की कोर कमांडर वार्ता

**नई दिल्ली:** तीन साल पुराने सैन्य गतिरोध को हल करने की मांग करते हुए, भारत और चीन चुशुल में रविवार को कोर कमांडर स्तर की 18वीं दौर की वार्ता आयोजित कर रहे हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारतीय पक्ष से, बैठक का नेतृत्व फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली कर रहे हैं और चीनी पक्ष से समकक्ष रैंक के अधिकारी पूर्वी लद्दाख सेक्टर में बैठक कर रहे हैं। यह बैठक पांच महीने के अंतराल के बाद हो रही है।

## 'क्रिप्टो को रेगुलेट करने के लिए वैश्विक सहमति जरूरी'




**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि क्रिप्टो के नियमन के लिए वैश्विक सहमति जरूरी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि भारत इस पर कोई कदम उठाए, एक वैश्विक टेम्पलेट बनाना पड़ सकता है और सभी को इस पर मिलकर काम करना होगा। अन्यथा इसे विनियमित करना प्रभावी नहीं होगा। हालांकि, मंत्री ने कहा कि इसका मतलब 'डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी' को नियंत्रित करना नहीं है, जिसकी अपनी अच्छाई और क्षमता है।

**वित्तीय स्थिरता पर केंद्रित एफएसबी, रिपोर्ट देने पर सहमत:** उन्होंने कहा, "जी-20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है, यह भारत का प्रस्ताव था और इसे साथ लिया गया है। मुझे खुशी है कि जी-20 ने इसे इस साल के लिए अपने एजेंडे में रखा है। आईएमएफ ने क्रिप्टो करेंसी पर एक पेपर दिया है कि यह किस तरह से मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। जी-20 द्वारा गठित वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) एक रिपोर्ट देने के लिए सहमत हो गया है जो वित्तीय स्थिरता पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।"

**एफएसबी और आईएमएफ की रिपोर्ट पर जुलाई में चर्चा:** सीतारमण ने कहा, "उनकी (एफएसबी) रिपोर्ट और आईएमएफ की रिपोर्ट पर जुलाई में चर्चा होने होगी, जब वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर जी-20 के तहत बैठक करेंगे और उसके बाद सितंबर में जी-20 देशों के प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों का शिखर सम्मेलन होगा जो भारत में होगा।" मंत्री यहां 'थिंकर्स फोरम, कर्नाटक' के साथ बातचीत के दौरान डिजिटल या क्रिप्टो करेंसी के नियमन के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रही थीं।

**जांच में खुलासा** ये बख्तरबंद ढाल को भेद सकती हैं, सेना के ट्रक पर आगे से स्नाइपर अटैक

## पुंछ हमले में आतंकवादियों ने स्टील कोर बुलेट्स यूज कीं



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ में 20 अप्रैल को आर्मी के ट्रक पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 5 जवान शहीद हो गए थे। मामले की जांच एनआईए की टीम कर रही है। घटना को लेकर रविवार को एक जानकारी सामने आई है। आतंकियों ने ट्रक से जा रहे जवानों पर हमले के लिए स्टील कोर बुलेट्स का इस्तेमाल किया। ये बुलेट्स बख्तरबंद ढाल को भेदने में सक्षम थी। माना जा रहा है कि भाटा धुरियान के घने जंगल वाले इलाके में एक स्नाइपर ने ट्रक को आगे से निशाना बनाया। इसके बाद अन्य आतंकवादियों ने ट्रक पर गोलियां बरसाई और ग्रेनेड फेंके। सैनिकों को जवाबी कार्रवाई करने का समय नहीं मिला। सेना के ट्रक में इफ्तार के लिए खाने का सामान था। इसे लेकर वे पास के गांव जा रहे थे। ये जवान आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए तैनात राष्ट्रीय राइफल्स की एक यूनिट से थे। बता दें कि हमले के बाद आतंकवादी सैनिकों के हथियार लेकर फरार हो गए। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और राष्ट्रीय जांच एजेंसी सहित विभिन्न एजेंसियों के विशेषज्ञों ने पिछले दो दिनों में हमले के स्थल का दौरा किया है और घातक हमले वाली जगह का दौरा किया और हमले को लेकर स्पष्ट जानकारी जुटाई। हालांकि जिस क्षेत्र में हमला हुआ था, उसे लंबे समय से आतंकवाद मुक्त माना जाता रहा है। भाटा धूरियन जंगल इलाका आतंकवादियों के लिए भारत में घुसपैठ का रास्ता था। यहां नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार कर आतंकी आते रहे हैं। यह इलाका घने जंगल और प्राकृतिक गुफाओं वाला है।

**ट्रक पर गोलियां बरसाई**

**= माना जा रहा है कि भाटा धुरियान के घने जंगल वाले इलाके में एक स्नाइपर ने ट्रक को आगे से निशाना बनाया**

**अब तक 12 से अधिक लोग हिरासत में:** अधिकारियों ने कहा कि पुंछ हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए 12 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल घने जंगल का मुआयना करने के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है।

# एम्बुलेंस सुविधा का कादियान ने किया शुभारम्भ

## मोबाईल 9280792808 डायल के बाद लोकेशन भेजे तो दस मिनट में एम्बुलेंस की सुविधा: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
देवा वेलफेयर सोसाईटी द्वारा शनिवार को अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में 10 एम्बुलेंस की सेवा क्षेत्र के लोगों को मन्नत ग्रुप आफ होल्टस के चेयरमैन देवेन्द्र कादियान ने 1008 महामंडलेश्वर भलेगिरी महाराज के हाथों से विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को चाबी देकर शुरू की। समारोह में हलके के काफी संख्या में सरपंचों, पंच व वार्ड पार्षदों के अलावा गणमान्य लोग शामिल हुए। समारोह में पहुंचने पर समाजसेवी देवेन्द्र कादियान को लोगों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। उनके बाद पहुंचे 1008 महामंडलेश्वर भलेगिरी महाराज से लोगों ने आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सरंपच एसोसिएशन के प्रधान बहादुर पहलवान, खेड़ी गुज्जर सरपंच जगबीर, लल्हेड़ी से सरपंच मेहर सिंह, बलीकुतुबपुर से देवेन्द्र सरोहा, आहुलाना से सरपंच




प्रतिनिधि अजीत सिंह, गन्नौर के पार्षद वरूण जैन, शमशेर सैनी, अजय सरोहा, नरेश वर्मा, विनोद जैन, अंकुर आढ़ती, सचिन,पूर्व चेयरमैन ईश्वर कश्यप, सुरेश बत्रा, नंद छाबड़ा, राजकुमार बत्रा, अंकित मल्होत्रा, तरूण चुघ,रमेश नाथ, दीपक बजाज, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि राजबीर दहिया, निशांत गोयल, जिला पार्षद सचिन गुलिया, सुभाष गोयल, सतीश बंसल, सतनारायण मित्तल, राजकुमार अग्रवालख विक्की, विजय गोयल, संजय मित्तल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

**देवा संस्था के सभी कार्यों को वक्ताओं ने करवाया समारोह में अवगत:** समाजसेवी हरीश वधवा,

**8 1008 महामंडलेश्वर भलेगिरी महाराज के सानिंध्य में विभिन्न संस्थाओं को सौंपी एम्बुलेंस की चाबी**

डा. जोगेन्द्र धनखड़, व्यापार मंडल के सचिव कामरा, डा. मनोज ने देवा संस्था द्वारा शुरू की गई एम्बुलेंस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। संस्था गरीबों के हित में कार्य कर रही है। डा. मनोज ने कहा कि संस्था के आज पूरे पांच साल हुए है। संस्था जहां गरीब छात्रों के लिए कोचिंग की व्यवस्था, फ्री ई रिक्शा की सुविधा, खिलाड़ियों के सम्मान में बुलेट मोटरसाईकिल, गरीब व्यक्ति का दातौली में आग लगने से जले मकान का निर्माण करवाना, मेधावी छात्रों को स्कूटी, लैपटाप, टैब वितरण करना आदि सराहनीय कार्य करने पर समाजसेवी देवेन्द्र कादियान का आभार व्यक्त किया।

**डायल कर लोकेशन भेजे दस मिनट में एम्बुलेंस उपल्बध : कादियान: देवेन्द्र कादियान** ने कहा कि एम्बुलेंस सुविधा के लिए हमारे मोबाईल नम्बर पर 9280792808 पर डायल कर तुरन्त लोकेशन भेजे तो दस मिनट में एम्बुलेंस की सुविधा उपल्बध होगी। कादियान ने कहा कि कोरोना काल के बाद अब कुछ हार्ट अटैक से संबधित रोग बढ़ गए है। कई बार एम्बुलेंस की सुविधा न मिलने के कारण दिक्कत आती है। एम्बुलेंस में मरीज को प्राथमिक ऊपचार की चीजे मिले तो उसकी जान बच सकती है। हमने चालकों को मरीज का प्राथमिक उपचार, आक्सीजन आदि लगाने का प्रशिक्षण दिया है। देवा संस्था का प्रयास है कि गरीब आदमी को सुविधा और जरूरतमंद की समय पर मदद हो सके। इसके लिए उनकी संस्था काम कर रही है।

# रजवाहे में रिसाव से गेहूं व सब्जी की फसल जलमग्न से किसानों को नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** गन्नौर ब्लाक के गांव रहमाणा में मोई गांव को जाने वाले सड़क मार्ग पर बीती रात भैसवाल ब्रांच के रजवाहे में पुलिय निर्माण के बाद उसके पास से मिट्टी खिसकने से किसानों की करीब 50 एकड़ गेहूं, 30 एकड़ गेंहू के फास सहित सब्जी की फसल जलमग्न होकर नष्ट हो गई। गुस्साए किसानों ने विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। रजवाहा टूटने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि नवरत्न को दी। प्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर पुलिस का निर्माण कर रहे ठेकेदार की पोपलेन से रजवाहे के पास खिसकी मिट्टी से हुए कटाव को बंद करवाने का काम किया। सरपंच प्रतिनिधि का आरोप है कि उन्होंने सबसे पहले पंचायत विभाग के अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन अधिकारियों ने दूसरे विभाग की जिम्मेदारी बताते हुए अपना पल्ला झाड़ दिया। इसके बाद सोनीपत के एसडीएम, नायब तहसीलदार, पटवारी नितिन मलिक,



नहरी विभाग के जेई दीपक मौके पर पहुंचे और मौके का मुआयना किया। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि किसान रामचन्द्र मास्टर, चतरा, सुशील, बलदेव सिंह, बलजीत, रणजीत, जय किशन, महाबीर, नरेश, मनोज, रणधीर, मोहित मास्टर, जगदीश, रणबीर, बबलू, सरिया सहित दर्जनों किसानों की गेंहू की फसल में पानी भर गया। वहीं किसान सुशील के खेत में सब्जी व तरबुज की बेल खराब हो गई। उन्होंने बताया कि किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इस समय किसानों की गेंहू की फसल पककर तैयार थी।

कुछ किसानों की तो पिछल्ले दिनों हुई बरसात के कारण फसल जमीन में लेट गई थी। अब फिर पानी भर गया है। अब गेंहू की फसल तो खराब हो जाएगी। जे ई दीपक ने बताया कि जिस जगह से रजवाहा टूटा है। उस जगह पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिया निर्माण के बाद रजवाहे में पानी आया तो दिवार के साथ की मिट्टी बैठ गई। जिस कारण रिसाब बनने से रजवाहे का पानी खेतो में भर गया।

# 26 गुमशुदा बच्चों व वयस्कों को खोजकर उनके परिवार से मिलाया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिला** करनाल सहित पूरे प्रदेश में मानव तस्करी के खिलाफ गुमशुदा बच्चों को खोजने और बंधुआ मजदूरों को रेस्क्यू करने के लिए अप्रैल माह में स्पेशल अभियान ऑपरेशन स्माइल चलाया जा रहा है। इसके तहत गुमशुदा बच्चों व व्यस्कों को खोजकर उनके परिवार से मिलवाया जा रहा है।
जिला पुलिस की टीमों द्वारा अप्रैल माह के तीसरे हफ्ते में थाना घरौंडा की टीम द्वारा छह, थाना सदर की टीम द्वारा पांच, थाना रामनगर व कुंजपुरा की टीम द्वारा तीन-तीन, थाना शहर, मधुबन व थाना बुटाना की टीम द्वारा दो-दो, थाना सिविल लाईन, तरावडी व थाना असंध की टीम द्वारा एक-एक गुमशुदा बच्चों व वयस्कों खोजकर उनके परिजनो के हवाले किया गया। करनाल पुलिस इन बच्चों व वयस्कों खोजकर एक अति सराहनीय कार्य कर रही है। गुमशुदा बच्चों को खोजकर बाल कल्याण समिति के सम्मुख पेश करके काउंसलिंग करवाई गई और उनके परिजनों के हवाले किया गया। साथ ही वयस्कों को खोजकर उनके ब्यान अंकित कराए गए।

# मन की बात कार्यक्रम का शतकीय एपिसोड 30 अप्रैल को होगा प्रसारित

**पानीपत,23 अप्रैल/टीम एक्शन इंडिया।** प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात कार्यकर्म का 100 वां संस्करण पूरे राज्य की प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में 100-100 स्थानों पर कम से कम 100-100 लोगों के साथ सुनने का निर्णय पार्टी द्वारा लिया गया है। इसलिए पानीपत की चारों विधान सभा क्षेत्रों में भी प्रत्येक विधान सभा में 100-100 स्थानों पर कम से 100-100 लोगों के साथ सुनना सुनिश्चित किया जाए। ये विचार रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने पानीपत शहरी विधान सभा के



पांचों मंडलों की कार्यकारिणी कि अलग-अलग बैठकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। बैठकों की अध्यक्षता मंडल अध्यक्षों दिवाकर मेहता, सुनील कंसल, प्रीतम गुर्जर, हरीश कटारिया व विजय शर्मा ने की। बैठकों में पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता तथा विधायक प्रमोद विज का मंडल पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया गया। वहीं विधायक प्रमोद विज ने कहा की पानीपत शहरी विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्य जोरों पर चल रहे है। इस अवसर

**8 प्रत्येक विधान सभा में 100-100 स्थानों पर कम से 100-100 लोगों के साथ सुनना सुनिश्चित किया जाए**

पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मेघराज गुप्ता, पार्षद लोकेश नांगरू, जिला महामंत्री रविंद्र भाटिया, सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट, जिला उपप्रधान प्राण रत्नाकर, मनोनित पार्षद सुनील सोनी व जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिले में मिले 41 नये कोरोना पॉजिटिव केस: डॉ. योगेश कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सिविल सर्जन डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना के 41 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 44 व्यक्ति ठीक हुए है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1085470 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 208 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50504 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 49650 मरीज ठीक हो गए हैं।

# रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य: सविता कपूर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **कल्पना** चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के रक्त केंद्र में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा 445वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर राष्ट्रभाषा हिन्दी के उन्नायक, प्रखर चिंतक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी माधवराव सप्रे की पुण्यतिथि को समर्पित था।
शिविर में श्रीराम ग्लोबल स्कूल की प्राचार्या सविता कपूर मुख्यातिथि के रूप में पधारी और रक्तदान किया। समाजसेवी दविन्द्र सचदेवा, नौहरिया राम अति विशिष्ट अतिथि के रूप से पधारे हुए थे, जबकि अनेक बार रक्तदान कर चुके नरेश कुमार खिप्पल ने शिविर की अध्यक्षता की। 156 बार रक्तदान और 72 बार प्लेटलेट दान कर चुके शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सविता कपूर ने रक्तदान करते हुए कहा कि वे अनेक बार रक्तदान कर चुकी हैं और रक्तदान एक बहुत ही पुण्य का कार्य है।
समाजसेवी दविन्द्र सचदेवा ने कहा कि वे भी अनेक बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक नियमित और निरंतर आवश्यकता है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए और रक्तदान करने से मनुष्य और अधिक स्वस्थ हो जाता है।

# एयरफोर्स में तैनात 22 वर्षीय जवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र में नेहरू नगर गांव के एक जवान की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा। जहां पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। नेहरू नगर निवासी अमित कुमार की 22 साल में हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जवान जैसलमेर में तैनात था। लेकिन कोर्स के लिए हैदराबाद गया हुआ था। हैदराबाद में ही उन्होंने अंतिम सांस ली।जवान की मौत का समाचार सुनते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, जनवरी माह में ही छुट्टी काट कर जवान ड्यूटी पर पहुंचा था। दिसंबर 2022 में जवान की शादी हुई थी। आज उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नेहरू नगर में किया गया। जवान की अंतिम यात्रा में



आसपास के गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ऑल इंडिया एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मपाल चौधरी ने बताया की अमित कुमार एक बहुत बहादुर सैनिक था। अभी उनको भर्ती हुए 4 साल ही हुए थे। उन्होंने कहा सैनिक को शहीद का दर्जा दिलवाने की मांग उठाई जाएगी। साथ हरियाणा सरकार से अपील करेंगे, कि इनको एकमुश्त 50 लाख की धनराशि दी जाए। साथ ही उनके माता-पिता और पत्नी को पेंशन दी जाएगी। भारत सरकार की तरफ से 1 करोड़ रुपये की धनराशि दिलवाने तथा सैनिक को शहीद का दर्जा दिलवाने की मांग उठाई जाएगी। शहीद के मित्र अजय यादव ने बताया कि नेहरूनगर निवासी सहीराम के कृष्ण कुमार व अमित यादव समेत दो पुत्र हैं। कृष्ण कुमार 2018 में वायु सेना में भर्ती हुआ था। उससे प्रेरित होकर अमित यादव ने भी भारतीय वायु सेना में भर्ती होने का निर्णय लिया था। जून 2019 में उन्होंने वायु सेना में भर्ती हुए थे।

# गांव जठेड़ी में महिला ग्रामसभा का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/राई। गांव जठेड़ी की** धर्मशाला में महिला ग्राम सभा का आयोजन सरपंच योगेश जठेड़ी की अध्यक्षता में हुआ। सरपंच ने बताया कि गांव की बात कार्यक्रम के अनुसार ग्राम सभा का आयोजन हर महीने होता है ,अब की बार महिला सभा का आयोजन हुआ। जिसमें गांव की मातृशक्ति के साथ ग्राम सचिव सुरेंद्र ओहल्यान भी मौजूद रहे। सभी महिलाओं ने अपनी शिकायत व सुझाव सरपंच के सामने रखे। ग्राम सभा में सबसे पहले राज देवी व सरिता देवी को सभापति चुना गया व सभा का शुभारंभ भारत माता की फोटो के सामने दीप जलाने के बाद हुआ। सरपंच योगेश जठेड़ी ने बताया कि जब एक पुरुष सक्षम होता है तो वह अकेला ही सक्षम हो पाता है लेकिन जब एक गृहणी महिला




सक्षम होती है तो पूरा परिवार व समाज सक्षम होता है, ये ही ग्रामसभा का मुख्य उद्देश्य रहा। शिकायत करते हुए पुष्पा देवी व रोशनी ने राशन कार्ड बनवाने की मांग की ,कोमल ने महिलाओं को गांव में सक्षम करने के लिए काम दिलाने की मांग की। निर्मला देवी व संतोष, मीना ने भूमिहीन व निर्धन महिलाओं को गांव में प्लाट दिलाने, सरला देवी ने दादा देव का रास्ता बनाने व गांव में गंदे पानी के जोहड़ का समाधान कि लिये आग्रह किया। संजना देवी ने सिलाई सेंटर व लड़कियों की उच्च शिक्षा, पूजा देवी ने आंगनवाड़ी में खराब व कीड़े वाला खाना मिलने की शिकायत की। सरपंच योगेश ने कहा कि इसके लिए खुद आंगनवाड़ी वर्कर को भी संज्ञान लेना चाहिए था। उन्होंने वर्कर को खराब राशन के लिए संबधित विभाग को पत्र लिखने के लिए कहा और खुद भी समाधान का आश्वाशन दिया। पूनम देवी ने पार्क बनवाने की अपील की। सभापति राज देवी ने गांव के बुर्जगों को तीर्थ यात्रा करवाने का आग्रह किया। सरिता देवी स्वयं समूह में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं के शामिल होने के लिए कहा। इसके अलावा गांव में सफाई व्यवस्था , गांव का स्कूल 12 तक करवानो, पशुओं के हरा चारा, महिला केंद्र, जिम की मां की। सरंपच में महिलाओं की मांग पर निर्णय लिया कि पंच पूनम देवी की अध्यक्षता में गाँव की महिलाओं की एक टीम को दिल्ली की मार्केट में भेजी जाएगी ताकि वहां डिजासइनर से मिलकर अपने गांव में भी सिलाई कढ़ाई से ऊपर उठकर महिलाओं में नई कार्यशैली का विकास किया जा सके।

# भगत सिंह स्मारक में हुई सीपीआई की प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया फैसला

**पानीपत:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य स्तरीय बैठक रविवार को भगत सिंह स्मारक के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सीपीआई के वरिष्ठ नेता कामरेड महेंद्र सिंह तंवर ने की और पार्टी के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने पार्टी गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। बैठक में सीपीआई ने जन मुद्दों को लेकर हरियाणा प्रदेश में 1 से लेकर 15 मई तक राजनीतिक जन जागरण अभियान चलाने का फैसला लिया गया है। वहीं सीपीआई की राष्ट्रीय सचिव कामरेड अमरजीत कौर ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते देश व प्रदेश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी है। मजदूरों, किसानों व गरीबों के मुद्दों तथा देश में लोकतंत्र व संविधान की रक्षा को लेकर सीपीआई 14 अप्रैल से लेकर 15 मई तक देश भर में राजनीतिक अभियान चला रही है।

# भगवान परशुराम सदा हम सभी को दिलों में बसे हैं और बसें ही रहेंगे: संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
गांव मथाना के शिव मंदिर में रविवार को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की। गांव मथाना के सरपंच प्रतिनिधि रवि कुमार ने कहा कि शिव मंदिर में ब्राह्मण समाज की ओर से भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसको लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हमें भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए और जो रास्ता उन्होंने बताया था उसे



अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम सदा हमारे दिलों में बसे हैं और बसें ही रहेंगे। उन्होंने अनेक भलाई के कार्य किये। जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इससे पूर्व संदीप गर्ग का गांव में पहुंचने पर स्वागत किया गया और उन्हें समिति की ओर से स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान राम परशुराम का चित्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर संजीव गौड़, सतपाल शर्मा, बलजीत सिंह, अशोक शास्त्री, जयप्रकाश शर्मा, सतप्रकाश शर्मा, विक्रम शर्मा, अंकुश शर्मा, नरेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

# युवक से ई रिक्शा छीनकर युवक फरार, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
पश्चिम यमुना लिंक व दिल्ली ब्रांच के बीच से गुजरने वाली सड़क पर गन्नौर। ढिंडार से बली कुतुबपुर के बीच में अज्ञात युवकों ने चाकू दिखाकर ई रिक्शा छीनकर फरार हो गए। ई रिक्शा चोरी की रिक शा के चालक ने पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में संजय निवासी बाबरा पानीपत ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाता है। गत 22 अप्रैल को वह समालखा पुल के नीचे खड़ा था । उसी दौरान दो युवक आए और मुझे बली कुतुबपुर गांव में किराए पर लेकर जाने के लिए कहने लगे। उसके बाद 400 रुपएं में दोनों लड़कों को बलीपुर कुतुबपुर जाने के लिए ई रिक्शा में बिठाया। शिकायत में बताया कि जब वे नामुंडा गांव दोनो नहरों के बीच में बनी सड़क से ढिंडार पुल से बली कुतुबपुर वाली सड़क पर जा रहा था तो करीब एक किलोमीटर आगे चलने के बाद उन्होंने बाथरूम करने के लिए ई-रिक्शा को रुकवाया। उस समय एक युवक ने पीछे से मेरी गर्दन में कपड़ा डालकर खींच लिया और दूसरे ने नीचे उतर कर मेरी कमर पर चाकू लगाया और मुझे पकड़ कर नीचे फेंक दिया। उसके बाद मेरी ई रिक्शा छीनकर बली कुतुबपुर की तरफ चले गए। शिकायतकर्ता संजय ने बताया कि घटना के उपरांत डायल 112 पर काल करके पुलिस को घटना की सूचना दी और दोनो युवकों की पहचान बताई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी एसआई नरेंद्र ने बताया कि ई रिक्शा चालक संजय की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस अज्ञात युवकों की तलाश कर रही है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर नगर में निकाली शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।**भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में आज नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। इस शौभा यात्रा में जिले भर से हजारों विप्र बन्धुओं ने भाग लिया। शौभा यात्रा में भगवान परशुराम जी की सवारी के अतिरिक्त शिव पार्वती, राधा कृष्ण, भगवान परशुराम माता रेणुका महर्षि जमदग्नि, राम दरबार, सप्त ऋषि, देवी सरस्वती काली व दुर्गा , शारदा संस्कृत महाविद्यालय की सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इसके अतिरिक्त पंजाब से आर्मी बैंड, दिल्ली की ताशा पार्टी, नगर के प्रसिद्ध बैंड व ढोल ने भी कार्यक्रम को मनोहारी बना दिया। आए हुए विप्र बन्धुओं पर विभिन्न स्थानों पर ड्रोन से पुष्प वर्षा की गई, इतर का छिड़क ाव व आतिशबाजी की गई। शोभायात्रा का शुभारम्भ गौड़ सभा से प्रातः दस बजे



हुआ जिसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम का पूजन कर सभा के प्रधान राकेश मेहता एडवोकेट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में बैडंबाजे, ताशा पार्टी सहित भगवान शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्ष कर व जूस आदि पिलाकर स्वागत किया गया। शौभा यात्रा श्री गौड़ ब्राह्मण सभा भवन से मानक चौक, पुल बाजार, महावीर चौक, नैना फतेह मन्दिर, तालाब बहादुर सिंह, नलापुर, किलारोड आजाद चौक होते हुए वापस सभा भवन पर समापन हुई।
शोभा यात्रा के समापन के उपरांत विप्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा व सोनीपत के सांसद रमेश कौशिक पूर्व मंत्री कैलाश चन्द शर्मा, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा व बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान एडवोकेट राकेश महता व सचिव कृष्ण ठेकेदार ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भारी संख्या में पधारे विप्र समाज के लोगों का आभार प्रकट किया। जैसे ही शोभायात्रा सभा भवन से प्रारंभ हुई वैसे ही इंद्रदेव ने भी हल्की बूंदाबांदी कर मौसम को खुशनुमा बना दिया। शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज के युवा भगवान परशुराम के गगन भेदी जयकारे लगाते हुए चल रहे वहीं समाज की महिलाएं भी भारी संख्या में भजनों पर झूमते हुए चल रही थी। शोभायात्रा का रोटरी क्लब, पुल बाजार पर दहिया परिवार, उड़ान जनसेवा व युवा साथी ग्रुप, टीटू शर्मा द्वारा तालाब बहादुर सिंह रोड पर तथा महावीर मार्ग पर भारद्वाज परिवार द्वारा जूस पिलाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में ड्रोन द्वारा आकाश से पुष्प व ईत्र वर्षा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के गौड़ ब्राह्मण सभा प्रांगण में पहुंचने के बाद विप्र सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रमेश कौशिक तथा विशिष्ट अतिथि के पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, आदित्य भारद्वाज डिप्टी कमिशनर इंकमटैक्स अ?मृतसर, समाजसेवी लालचंद जोशी, पूर्व मंत्री कैलाशचंद शर्मा, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट, गो?विंद भारद्वाज पूर्व चेयरमैन तथा शिवकुमार मेहता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में तनूज शर्मा डीएसपी, संजय शर्मा प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के चेयरमैन, श्याम शुक्ला सदस्य बाल कल्याण बोर्ड तथा दीपिका शर्मा बीडीपीओ को गौड़ सभा द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रमेश कौ?शिक ने कहा कि विप्र समाज सदैव सबको साथ लेकर चलने वाला समाज है। उन्होंने कहा कि हमें भगवान परशुराम के जीवन से शिक्षा लेकर उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज में ही नेतृत्व करने की क्षमता है इसलिए हमें समाज के हर वर्ग को सदमार्ग का रास्ता दिखाना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### सरकार द्वारा हाईटेक डेयरी खोलने के लिए पशुपालकों को दिया जा रहा है अनुदान :शांतनु



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है।
सरकार की ओर से योजना के तहत हाईटेक डेयरी खोलने पर पशुपालकों को अनुदान दिया जा रहा है। ऐसे में इच्छुक पशुपालक योजना का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं और अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकते हैं। परिवार बढ? साथ दिन-प्रतिदिन खेती में जोत कम होती जा रही है, जिसके कारण आमदनी भी प्रभावित होती है। ऐसे में प्रदेश सरकार पशुपालन जैसे काम को बढ़ावा देकर किसानों को प्रोत्साहित कर रही है।
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से पशुपालकों को हाइटेक डेयरी खोलने पर अनुदान दिया जा रहा है। डेयरी व्यवसाय को अपनाकर पशुपालक खेती से अतिरिक्त लाभ कमा सकते हैं और अपनी आमदनी में इजाफा कर सकते हैं। इन दिनों हर इलाके में डेयरी उत्पादों की मांग बढ़ती जा रही है। इसलिए पशुपालन को अपनाकर अच्छा लाभ कमाया जा सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा पशुओं की हाइटेक डेयरी खोलने को लेकर योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण शिक्षित बेरोजगार लोगों और आर्थिक रूप से पिछड़े गरीब परिवारों को बैंकों के माध्यम से ऋण दिलवाकर स्वरोजगार उपलब्ध करवाया जाता है। अब इस योजना के तहत सामान्य जाति के पशुपालक भी 25 प्रतिशत सब्सिडी पर लोन लेकर चार से 10 पशुओं की डेयरी खोल सकते हैं और डेयरी लोन स्कीम का फायदा ले सकते है।

### बुलेट से पटाखा बजाया तो पडेगा भारी हजार्ना :एस एस भोरिया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक** )जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने बुलेट मोटरसाईकिल से पटाखे बजाने वालों पर शिंकजा कसना शुरू कर दिया है । पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बुलेट मोटरसाईकिल पर पटाखे बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले तथा आमजन को परेशान करने वाले बुलेट मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ कारवाई करने बारे सभी प्रबंधक थाना को आदेश दिए हैं । अपने आदेश में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिन मोटरसाईकिल चालकों के पास कागजात पूरे ना हो तो उनकी मोटरसाईकिल को इंपाउंड किया जाये। वहीं दुकानदारों को भी मोटरसाइकिल के साइलेंसर चेंज ना करने बारे हिदायत दी गई।

पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी बुलेट मोटरसाईकिल चालक मोटरसाईकिल पर पटाखे ना बजाए क्योंकि इससे ध्वनि प्रदूषण तो होता है साथ में पटाखे की तेज आवाज होने से भय के कारण बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई भी बुलेट मोटरसाईकिल चालक मोटरसाईकिल पर पटाखे बजाएगा तो उसके खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों विशेषकर बुलेट मोटरसाईकिल की रिपेयर करने वाले दुकानदारों को बुलेट मोटरसाईकिल का साइलेंसर चेंज करेगा तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शिविर में 250 लोगों ने करवाई अपने स्वास्थ्य की जांच

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** एक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के सौजन्य से ब्रह्म शक्ति संजीवनी अस्पताल की ओर से सेक्टर 6 स्थित पार्क नंबर 4 में स्वास्थ्य पर परिचर्चा व नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया। इसमें में 250 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर का शुभारंभ अस्पताल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ सर्जन डा. मनीष शर्मा ने किया। शिविर में स्वास्थ्य जांच के अलावा शुगर, बी.पी. व ई.सी.जी. जांच नि:शुल्क की गई। साथ दवाईयां भी निशुल्क दी गई। लोगों की जांच ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम द्वारा की गई। हड्डी रोग विशेषज्ञ अजय दुबे ने बताया कि शिविर में आये कई लोगों ने हड्डियों व घुटनों में दर्द की शिकायत की। ऐसे में घुटनों व हड्डियों के दर्द के लिए रोजाना कुछ समय व्यायाम के लिए जरूर निकाले। कैल्शियम युक्त चीजों का सेवन करे जैसै दूध व अन्य। जनरल फिजिशियन डॉ योगेश शर्मा ने बताया कि बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखे। जहां तक हो सके फास्ट फूड का सेवन न करे। घर का बना हुआ खाना ही खाये। ठंडी चीजों का सेवन बिल्कुल न करे। क्योंकि इससे खांसी जुकाम के अलावा गला खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ बीनू त्रिपाठी ने भी महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया। अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डा. मनीष शर्मा ने कहा कि बदलते मौसम में सेहत का ख्याल न रखना भारी पड़ सकता है। बदलते मौसम में इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में पौष्टिक आहार लेना चाहिए। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि नि:शुल्क शिविर को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा।

# 'भगवान परशुराम ने शस्त्र-शास्त्र की शिक्षा दी'

## ब्राह्मण सभा की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित की



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत पूर्व** कैबिनेट मंत्री भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा का पूरे समाज में संचार करके अत्याचार के सामने समर्पण न करने का संदेश दिया, जिस पर चलकर हम समाज में फैली कुरीतियों का अंत कर सकते हैं! कविता जैन ने रविवार को अपने मंत्री काल में निर्मित करवाए गए परशुराम चौक पर जिला ब्राह्मण सभा की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित की और हवन यज्ञ में आहुति डालकर सर्व समाज के कल्याण की कामना की! कविता जैन ने कहा कि भगवान परशुराम के नाम से ही पराक्रम झलकता है क्योंकि परशु शब्द पराक्रम और राम शब्द सनातन संस्कृति का प्रतीक है! उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जन्में भगवान परशुराम शक्ति और संतुलन का असीमित भंडार थे! सभा की तरफ से चौक के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए कविता जैन को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया गया! कविता जैन ने कहा कि भाजपा सरकार महापुरुषों के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए शुरू से ही प्रयासरत है! इसलिए उन्होंने अपने कार्यकाल में शहर के अंदर विभिन्न महापुरुषों के नाम पर चौक, सड़कों का नामकरण, सामुदायिक भवनों तथा पार्कों का निर्माण करवाने का कार्य किया ताकि युवा पीढ़ी महापुरुषों की शिक्षाओं को आत्मसात कर सके! इस अवसर पर उपस्थित जनों को भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राई के विधायक मोहन लाल कौशिक ने भी सम्बोधित करते हुए भगवान परशु राम जी के जीवन पर प्रकाश डाला ! हवन समारोह में डॉक्टर ओम प्रकाश अत्रे, सतपाल कौशिक, अशोक शर्मा, सतप्रकाश शर्मा, पं0 भगवान सिंह, पं0 शेर सिंह, पं0 नरेन्द्र एवं ब्राह्मण सभा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे !

## निगम पार्षद बबीता कौशिक तत्परता से एक बड़ा हादसा टला



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** आजकल सोनीपत शहर में वार्ड 4 के निगम पार्षद के काफी चर्चे हैं जिनकी सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। निगम पार्षद बबिता कौशिक की सतर्कता से 1482 सेक्टर 15 सोनीपत में लगी आग पर तुरंत काबू पाया गया ।आग लगने का कारण घरेलू गैस की पाइप लाइन में आग लगने को बताया गया । निगम पार्षद बबिता कौशिक जब वहां से गुजर रही थी तभी उन्होंने देखा की घर में आग लग गई है तो पार्षद ने तुरंत फायर बिग्रेड, पुलिस अधिकारियों एवम् गेल गैस के अधकारियों को फोन किया और अगले 05 मिनट में सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए और आगे पर काबू पा लिया गया। वहां पर मोजूद सभी लोगों ने निगम पार्षद बबिता कौशिक का धन्यवाद किया कि उन्होने हादसे से बचा लिया।

## एक करोड़ 70 लाख का गांजा बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग से एक ट्रक और टवेरा कार को कब्जे में लेकर उनमें से 525 किलोग्राम अवैध तस्करी का लाया जा रहा गांजा बरामद किया है ।पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्राधिकारी सदर प्रवीण मलिक ने मुखबिर की सूचना पर थाना अध्यक्ष जैत अजय वर्मा उपनिरीक्षक अर्जुन राठी ,सत्यवीर सिंह त्यागी, सुंदर सिंह कसाना दर्जनभर पुलिसकर्मियों ने चौहान स्थित सत्तार होटल के सामने से एक ट्रक और टवेरा कार को कब्जे में लेकर उनके चालकों को हिरासत में लिया। वाहनों की तलाश में 525 किलोग्राम अवैध गांजा जो उड़ीसा से तस्करी कर लाया गया था । जिसकी बाजार में कीमत एक करोड़ 70 लाख रुपया बताई जा रही है। पुलिस ने हिरासत में लिए तस्करों से पूछताछ कर बताया गांजे को मथुरा राजस्थान और हरियाणा में सप्लाई किया जाना था। पकड़े गए तस्करों मैं बाबू पुत्र महेंद्र निवासी तराश मंदिर कॉलोनी थाना वृंदावन मथुरा बिलाल पुत्र निजाम निवासी मथुरा दरवाजा सीएससी चौराहा वृंदावन मथुरा है।

## गिरिराज परिक्रमा मार्ग में ई रिक्शा की टक्कर से बालक की मौत

**मथुरा।** गिरिराज परिक्रमा मार्ग में अनियंत्रित ई रिक्शा की टक्कर से छह वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे में घायल हुए बालक ने मौके पर ही दम तोड दिया। मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों से कानून कार्रवाई के लिए कहा। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। मृतक बालक माता पिता का इकलौता पुत्र था। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। रविवार को मयंक पुत्र देवेंद्र निवासी आन्यौर अपने घर के बाहर परिक्रमा मार्ग में किनारे खेल रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित ई रिक्शा ने बालक को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद ई रिक्शा चालक मौके से भाग निकाला।

## 299 लोगों ने उठाया निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप का लाभ



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)**
पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप श्री वाल्मीकि मंदिर धर्मशाला, गोवर्धन नगर फेस-1, वार्ड नं. 14 में लगाया गया। कैम्प में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में संजीवनी अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. ओ.पी.आर्या ने 67 लोगों की आंखों को चेक किया जिनमें 12 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनके लैंस मशीन द्वारा संजीवनी आईज मेडिकेयर सैंटर से मशीन द्वारा बिल्कुल मुफ्त डलवा दिए जाएंगे। वहीं जिंदल हैल्थ केयर सैंटर से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. आर.सी. जिंदल ने 17 लोगों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा व उन्हें परामर्श दिया। पुरी क्लीनिक अम्बाला शहर से डा. मनी पुरी ने 95 लोगों का चैकअप किया। कैंप में 87 लोगों ने अपने रक्त की जांच करवाई जिन्हें उनकी रिपोर्ट जल्द ही सौंप दी जाएगी।
कैम्प में जिन लोगों की परिवार पहचान पत्र में प्रमाणित आय 1,80,000 तक है ऐसे 23 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड कैंप में मौके पर ही बनवाए। वहीं 10 लोगों ने अपने परिवार पहचान पत्र बनवाए।

## श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से आती है घर में सुख समृद्धि : सरोज



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से घर में सुख समृद्धि आती है। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को तीर्थ करने जैसा फल मिलता है। यह बात नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने छोटूराम नगर में आयोजित तृतीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा एवं सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहीं। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन वार्ड 10 की पार्षद राजकुमारी हरिमोहन धाकरे द्वारा किया गया है। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पहले छोटूराम नगर में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने महिलाओं के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में धर्म का श्रवण जरूर करना चाहिए क्योंकि जो मानव धर्म का श्रवण नहीं करता वह अपने जीवन को अज्ञानता के अंधेरे में रखता है। और जो मानव धर्म का श्रवण करता है वह अपने जीवन को सफल बनाने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी धर्म के मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है। इस अवसर पर डॉक्टर संजय हॉस्पिटल से डॉक्टर संजय सिंह ने भी मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमद् भागवत कथा में शिरकत की। श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक स्वामी रामानुरागी महाराज (लखनऊ) ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत महात्म के बारे में बताया। कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## सोनम वांगचुक को प्रतिष्ठित संतोकबा मानवतावादी पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**नई दिल्ली।** एस आर के नॉलेज फाउंडेशन (एस आर के के एफ), वह श्री रामकृष्ण एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की परोपकारी शाखा है। जो की विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हीरा क्राफ्टिंग और एक्सपोर्ट कंपनी है, ने सोनम वांगचुक, एक भारतीय इंजीनियर, प्रर्वतक, शिक्षा और सतत विकास सुधारवादी, और छात्रों के शैक्षिक और सांस्कृतिक आंदोलन (एस इ सी एम ओ एल) लद्दाख के संस्थापक-निदेशक को प्रतिष्ठित संतोकबा मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार समारोह का आयोजन होटल द जेन में किया गया था, जिसमें राहुल ढोलकिया, व्यवसायी - एसआरके, ने सोनम वांगचुक को मुख्य अतिथि नीलम मिश्रा, प्रथम महिला (लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर की पत्नी) ने सोनम वांगचुक को पुरस्कार प्रदान किया। सम्मानित अतिथि महामहिम रानी सरला छेवांग थीं। गीतांजलि जेबी, सोनम वांगचुक की पत्नी और हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स (एचआईएएल) की सह-संस्थापक और निदेशक, और एडवोकेट थिनलेस एंगमो जैसे विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में सोनम वांगचुक के छात्रों और पूर्व छात्रों सहित उनके परिवार ने भी भाग लिया।

## मथुरा में डंप होने से पहले पकडा गया पौने दो करोड़ कीमत का गांजा


**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
उड़ीसा से तस्करी कर लाया गया करीब पौने दो करोड़ रुपये कीमत का गांजा मथुरा तक पहुंच गया था। पुलिस ने मथुरा में डंप होने से पहले 525 किलो गांजे की खेप को पकड लिया। दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गांजा ट्रक में लाद कर लाया गया था जबकि कार से रेकी की जा रही थी जिससे कि गांजे की खेप को सुरक्षित पहुंचाया जा सके। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पकड़े गए गांजे की कीमत करीब एक करोड़ 70 लाख रुपये आंकी गई है। क्षेत्राधिकारी सदर प्रवीण मलिक के मुताबिक बाबू पुत्र महेन्द्र निवासी तरास मंदिर कालौनी वृन्दावन तथा बिलाल पुत्र निजाम निवासी मथुरा दरवाजा सीएचसी चैराहा वृन्दावन को गिरफ्तार किया गया है। एक ट्रक जेके 05 एच 2079 तथा एक टवेरा कार यूपी 85 एए 9865 को भी जब्त किया गया है।

## कांग्रेस का चुनाव चिन्ह श्यामसुंदर उपाध्याय को मिला



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। प्रदेश** में होने वाले निकाय चुनाव के पहले चरण में मथुरा में नामांकन प्रक्रिया और नाम वापसी तथा चिन्ह वितरण का कार्य पूरा हो चुका है। मथुरा की नगर निगम सीट पर कांग्रेस में जो घमासान मचा हुआ था वह शांत हो गया है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष को अधिकृत कांग्रेस का प्रत्याशी मानते हुए पार्टी चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा आवंटित किया जा चुका है। वह दूसरे दावेदार पूर्व विधायक को निर्दलीय के रूप में आवंटित कर दिया गया है इसी के साथ कांग्रेस में चल रही उठापटक का पटाझेप हो गया है। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी श्याम सुंदर उपाध्याय उर्फ बिट्टू ने स्थानीय होटल में पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए बताया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मेयर पद के लिए मैं ही एकमात्र प्रत्याशी हूं पार्टी का चुनाव चिन्ह भी मुझे ही आवंटित किया गया है।
श्री बिट्टू ने कहा शहर को भाजपा के कुशासन से मुक्ति दिला कर क्षेत्रीय लोगों पर जो टैक्स का बोझ द्वारा डाला गया है । उसे कम किया जाएगा
एक प्रश्न के उत्तर में कहां पूर्व विधायक राजकुमार रावत मेरे बड़े भाई के समान है ।
मैं उनका आदर सत्कार करता हूं इतना ही नहीं उनका मुझे इस चुनाव के दौरान पूरा समर्थन मिलेगा रावत हमारे पार्टी के नेता हैं। उन्हें शीर्ष नेतृत्व अवश्य मौका देगा उन्होंने कहा हमारे पार्टी के सभी पार्षद प्रत्याशी पार्टी संगठन पूरी ताकत के साथ नगर निगम का चुनाव लड़ रहे हैं। हमारा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी से सीधा है ।

## सत्यपाल मलिक मामले में मलिक खाप के सात गांवों की हुई पंचायत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक मामले को लेकर पानीपत जिला के सात गांव की मलिक खाप की पंचायत रविवार को गांव उग्राखेड़ी की चौपाल में पूर्व सरपंच सरूप सिंह मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला की सतगामा मलिक खाप के प्रधान राजकुमार मलिक सहित सभी सातों गांवों के मलिक गौत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। पंचायत में प्रस्ताव पारित करके शनिवार को दिल्ली में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से मिलने गये खाप व किसान प्रतिनिधियों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर थाने ले जाने की कड़ी निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पानीपत जिला की सतगामा मलिक खाप पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के साथ खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया गया कि भाजपा सरकार द्वारा सत्यपाल मलिक की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत के दौरान सभी सात गांवों के लोगों की एक सात सदस्यीय कमेटी बनाई गई है और कमेटी सोमवार को पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से मिलने भी जाएगी। पूर्व राज्यपाल से मिलने के बाद ही कमेटी अगली कार्रवाई करेगी। पंचायत को सतगामा मलिक खाप के प्रधान राजकुमार मलिक, जिला परिषद के वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक रिसालु, कांग्रेस नेता धर्मबीर मलिक उग्राखेड़ी, आप नेता सुखबीर मलिक उग्राखेड़ी, भाकियू के पूर्व जिला उपप्रधान बिंटू मलिक, सुधीर सरपंच उग्राखेड़ी, रमेश मलिक पूर्व चेयरमैन, निशान सिंह मलिक, रोहताश मलिक व सुरेंद्र पूर्व सरपंच रिसालु आदि ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सदैव किसानों के हकों की आवाज को बुलंद किया है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को किसानों के हक में और पुलवामा को लेकर सत्यपाल मलिक का बोलना पसंद नहीं आया और अब सीबीआई द्वारा पूछताछ को लेकर नोटिस दिया गया है। मलिक प्रतिनिधियों का आरोप है कि जो भी व्यक्ति किसानों के हक में और अडानी व अंबानी के खिलाफ बोलता है तो इंकम टैक्स, सीबीआई व ईडी द्वारा नोटिस थमा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पानीपत की सतगामा मलिक खाप के अलावा जिला की 36 बिरादरी पूर्व राज्यपाल मलिक के साथ है और सरकार द्वारा उनको परेशान किया गया तो मलिक खाप सहित किसान प्रतिनिधि सडक पर उतरने के लिये मजबूर होगे। पंचायत में गांव उग्राखेड़ी, रिसालु, निंबरी, कुटानी, नांगलखेड़ी, राजाखेड़ी व कुराड़ के मलिक गौत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## ममता में फंसे व्यक्ति को ज्ञान अच्छा नहीं लगता : आचार्यश्री सुदर्शनजी महाराज



**गोस्वामीजी** ने जीवन को नैतिक बनाने के लिए इस दोहे की अद्भुत व्याख्या की है ममता रत सन ग्यान कहानी।
अति लोभी सन बिरति बखानी क्रोधिहि सम कामिहि हरिकथा। ऊसर बीज बएँ फल सेवक सुख चह मान भिखारी`ब्यसनी धन शुभ गति बिभिच लोभी जसु चह चार गुमानी नभ दुहि दूध चाहत इ प्राणी गोस्वामी जी ने इस चौपाई में जीवन के संबंध में बड़ी अच्छी व्याख्या की है` गोस्वामी जी कहते हैं जो व्यक्ति ममता में फंसा हुआ हो, उसे अगर ज्ञान वैराग्य की बात बताई जाए तो यह निरर्थक प्रयास होता है और जो व्यक्ति लोभ में पड़ा हो उसे बिरति अर्थात त्याग की बात बताई जाए तो वह भी निरर्थक हो जाता है` क्रोधी व्यक्ति को अगर "सम" यानी शांति का पाठ पढ़ाया जाए तो वह भी निरर्थक होता है। जैसे कामी पुरुष को भगवान के संबंध में कहा जाए तो वह भी निरर्थक प्रयास होता है
गोस्वामी जी आगे कहते हैं -
"ब्यसनी धन शुभ गति बिभिचारी"
जो व्यक्ति क्रोधी हो` उसे शांत रहने का ज्ञान देना व्यर्थ है` कामी पुरुष को हरि कथा सुनाना व्यर्थ है
उसी प्रकार जो व्यक्ति ब्यसनी हो किसी बुराई में फंसा हुआ हो वह व्यक्ति कभी धन संग्रह नहीं कर सकता और जो "बिभिचारी" हो वह व्यक्ति समाज में कभी पूज्य नहीं होता
थोड़े से शब्दों में गोस्वामी जी ने जीवन का सार बता दिया है` इसलिए अगर हम चाहते हैं कि हमें जीवन में सुख शांति प्राप्त हो तो इन बुराइयों से बच कर रहना चाहिए।

## संपादकीय

# हड़ताल का मनोविज्ञान समझने की जरूरत

**विरोध**-प्रदर्शन, सत्याग्रह, हड़ताल और आंदोलन लोकतंत्र के ऐसे हथियार हैं जो अपनी जिम्मेदारी को भूल बैठे सत्ताधीशों को कुम्भकर्णी नींद से जगाने में अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन हर आंदोलन की अपनी मयार्दा होती है।अपनी आधार भूमि होती है। अपना उद्देश्य होता है। बात-बात पर होने वाले आंदोलन देश का मार्गदर्शन तो करते नहीं, अलबत्ता परेशानी और चिंता का ग्राफ जरूर बढ़ा देते हैं। बिना सिर-पैर के आंदोलनों से वैसे भी किसी का भला नहीं होता। नुकसान अधिकांश जनता का होता है। यातायात जाम में फंसे देश को रोज कितना जान-माल का नुकसान होता है, यह किसी से छिपा नहीं है। किसान आंदोलन के नाम पर जब रेल ट्रैक जाम कर दिए जाते हैं या सरकारी वाहनों को आग के हवाले कर दिया जाता है तो इससे देश की कितनी क्षति होती है, इसे आवेशित आंदोलनकारी नहीं समझ सकते, लेकिन देश को समझना होगा। हड़ताल का अपना मनोविज्ञान होता है। वह कुछ तिकड़मबाजों के लिए तो फायदेमंद होती है लेकिन जरूरी नहीं कि हड़ताल में शामिल हर आंदोलनकारी तक लाभ की किरण पहुंचे ही। जो जिस विभाग से जुड़ा है, उसकी समस्याओं को लेकर हड़ताल हो तो बात समझ में आती है लेकिन सस्ती लोकप्रियता के लिए किसी भी मुद्दे को लपक लेना और उस पर आंदोलन करते हुए देश को परेशानी में डालना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसलिए देश में आंदोलनों को लेकर एक आचार संहिता तो बननी ही चाहिए। हड़ताल को देश पर थोपना क्यों जरूरी है, यह बात देश को बताई तो जानी ही चाहिए। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने वकीलों की हड़ताल पर न केवल नाराजगी जाहिर की है बल्कि यह भी कहा है कि वकील न तो हड़ताल पर जा सकते हैं और न ही काम बंद कर सकते हैं। शीर्ष अदालत का तर्क है कि वकीलों की हड़ताल से अदालतों में मुकदमों का पहाड़ खड़ा हो जाता है। शीर्ष अदालत के इस तर्क में दम है। यह पहला मौका नहीं जब सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की तल्ख टिप्पणी की है। वर्ष 2019-20 में भी उत्तराखंड के वकीलों की हड़ताल पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों ने कुछ ऐसी ही टिप्पणी की थी। मौजूदा टिप्पणी भी उत्तराखंड के ही संदर्भ में है। ऐसा भी नहीं कि उत्तराखंड अकेला राज्य है, जहां हड़ताल पर सुप्रीम कोर्ट कोर्ट तल्ख होता नजर आया है। सवाल यह है कि शीर्ष अदालत को बार-बार इस तरह की टिप्पणी करनी क्यों पड़ रही है और अधिवक्ता हड़ताल को लेकर उसके आदेशों की अनदेखी क्यों कर रहे हैं? यह बार और बेंच के बीच समन्वयहीनता नहीं तो और क्या है? उत्तराखंड के वकीलों का 35 साल से हर शनिवार को हड़ताल का सिलसिला चला आ रहा था। जाहिर है कि बार और बेंच के बीच कुछ तो जटिलता है जो ठीक नहीं हो पा रही है। देश की शीर्ष अदालत भी सब समझती है लेकिन वह फुंसी को नासूर बनते भी तो नहीं देख सकती। सो, इस बार के अपने निर्णय में उसने निदान का तत्व भी तलाशने की कोशिश की है। सभी उच्च न्यायालयों को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में वकीलों की शिकायतों के निवारण के लिए राज्यस्तरीय समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। अपने निर्णय में उसने निचली अदालत के वकीलों के हितों और उनकी समस्याओं का भी ध्यान रखा है।

# कानून से ऊपर नहीं गांधी परिवार

-डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> "यूपी के उन्नाव रेप कांड में भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर को उम्रकैद की सजा हुई थी, उनकी भी विधानसभा सदस्यता को रद्द कर दिया गया था। गांधी परिवार कानून और संविधान से ऊपर नहीं है। न्यायाधीश ने यह भी टिप्पणी की कि जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8 (3) के तहत सांसद के रूप में गांधी को हटाने या अयोग्य घोषित किए जाने को ह्यअपूरणीय क्षतिह्व या नुकसान नहीं कहा जा सकता। यदि उन्हें सजा न सुनाई गई होती, तो अनाप-शनाप बोलने का क्रम जारी रहता। बहरहाल इस एक निर्णय से 2024 का राजनीतिक संकट, कांग्रेस के लिए, गहरा सकता है। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। वहां ओबीसी करीब 54 फीसदी हैं, लिहाजा भाजपा ने अभी से ओबीसी अपमान का मुद्दा गरमा दिया है। खुद प्रधानमंत्री इसी वर्ग से आते हैं और उनका अपमान किया गया है"

**राहुल** गांधी के मोदी सरनेम बयान को लेकर मानहानि मामले में सूरत कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ राहुल गांधी ने याचिका लगाई थी। सूरत सत्र अदालत के न्यायाधीश ने सिर्फ एक ही शब्द बोला-ह्यडिसमिस्ड ह्व और राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। कांग्रेस नेता ने निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसके तहत राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई गई थी। नतीजतन उनकी सांसदी को खारिज कर दिया गया था। यदि यह सजा जारी रहती है, तो राहुल 6 साल तक चुनाव लडने को ह्यअयोग्यह्व होंगे और तमाम अपीलें खारिज होने के बाद उन्हें जेल भी भेजा जा सकता है। बेशक वह सत्र अदालत के फैसले को अहमदाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे, ऐसा सर्वोच्च अदालत के वरिष्ठ वकील एवं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने खुलासा किया है। अपील के अंतिम निस्तारण तक राहुल गांधी जमानत पर रहेंगे। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या अब राहुल गांधी जेल जाएंगे?

आखिर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष करना क्या चाहते हैं? कानूनी जानकारों के अनुसार अभी राहुल गांधी की गिरफ्तारी और जेल जाने का कोई मसला नहीं है। 23 मार्च को मानहानि केस में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाने के साथ ही 30 दिन की जमानत दी गई थी। इन्हीं 30 दिनों के अंदर राहुल को ऊपरी अदालत में अपील करना था। ये समय सीमा आज से दो दिन बाद यानी 23 अप्रैल को खत्म हो रही है। हालांकि, इसके पहले तीन अप्रैल को सूरत के सेशन कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ तीन अपील दायर की गई थी। मुख्य याचिका में ब्श्रड कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। इस पर तीन मई को सुनवाई होगी। दूसरी याचिका में दो साल की सजा पर रोक की मांग की गई। तीन अप्रैल को कोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार करते हुए राहुल को अंतरिम जमानत दे दी थी। तीसरी याचिका में दोषी ठहराए जाने पर रोक यानी कन्विक्शन पर स्टे की मांग की गई थी। गुरुवार 20 अप्रैल को सूरत की सेशन कोर्ट ने ये याचिका खारिज कर दी। मतलब अभी तीन मई तक राहुल पर कोई खतरा नहीं है। इस बीच, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया



जा सकता है। राहुल गांधी की तरफ से हाईकोर्ट में दो आवेदन दिए जा सकते हैं। इसमें वह सजा पर रोक यानी स्टे की मांग के साथ-साथ दोषसिद्धि पर रोक यानी कन्विक्शन पर स्टे की अपील कर सकते हैं

। राहुल गांधी को फिलहाल अंतरिम जमानत मिली है। ऐसे में वह स्थायी जमानत और सजा कम कराने के लिए हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। इसके अलावा दोषी ठहराए जाने के खिलाफ सूरत सेशन कोर्ट के फैसले को भी चुनौती देंगे। ताकि उनकी संसदी फिर से बहाल हो जाए। वास्तव में यह मामला आपराधिक मानहानि का है, लेकिन गांधी परिवार के वर्चस्व और कांग्रेस की राजनीति से ज्यादा जुड़ा है। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष ने 11 अप्रैल, 2019 को कर्नाटक की कोलार चुनावी जनसभा के दौरान सवाल उठाया था कि सारे चोर मोदी-नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेन्द्र मोदी-ही क्यों हैं? अगर ढूंढोगे, तो और भी नाम मिल जाएंगे। ह्यमोदी सरनेमह्व में राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री मोदी का नाम भी लिया था। हमने बयान को बार-बार सुना है। यकीनन यह घोर आपत्तिजनक और अपमानित करने वाला बयान था। यह प्रधानमंत्री मोदी के प्रति राहुल के निजी पूर्वाग्रह और नफरत को भी प्रतिबिंबित करता है। चुनाव से बयान का सरोकार क्या था? प्रतिक्रिया में सूरत पश्चिम के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि का केस दर्ज करा दिया। पटना में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने भी यह केस दर्ज कराया है। लंदन में ललित मोदी भी राहुल को कटघरे में खींचने की बात कह चुके हैं।

शायद राहुल ने कल्पना भी नहीं की होगी कि निचली अदालत ऐसा फैसला दे सकती है, जिसके नतीजतन उनकी लोकसभा सदस्यता भी रद्द की जा सकती है! वह बार-बार हुंकार भरते रहे कि वह गांधी हैं, वह डरा नहीं करते, गांधी माफी भी नहीं मांगा करते। यह उनके अहंकार और हेकड़ी की अभिव्यक्ति ही थी, अलबत्ता कुछ मामलों में वह अदालत से लिखित माफी मांग चुके हैं। अब सत्र अदालत के न्यायाधीश के फैसले ने स्पष्ट कर दिया कि कानून सभी के लिए समान है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने की याचिका खारिज करने के सूरत की अदालत के फैसले को न्यायपालिका व लोगों की जीत और ह्यगांधी परिवार के अहंकार पर तमाचा करार दिया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, अदालत का फैसला गांधी परिवार, खासकर राहुल गांधी के अहंकार पर तमाचा है।

उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अदालत का फैसला यह भी साबित करता है कि कानून सभी के लिए बराबर है और वह किसी भी प्रकार के दवाब के आगे झुकता नहीं है। पात्रा ने आरोप लगाया कि पिछले महीने इस मामले में गांधी को दोषी ठहराए जाने के बाद कांग्रेस अपने पारिस्थितिकी तंत्र को एकजुट कर रही थी ताकि न्यायपालिका के खिलाफ आंदोलन चले और यहां तक कि उसकी ओर से भारत के खिलाफ बयान जारी कराए गए।

देश में राहुल गांधी ऐसे पहले नेता नहीं हैं, जिनकी सदस्यता रद्द हुई है। इससे पहले भी ऐसे कई नेता रहे है जिनकी सदस्यता रद्द हो चुकी है। लालू यादव को चारा घोटाले में 5 साल की सजा का ऐलान हुआ था। जिसके बाद उनकी संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया था। इससे पहले कांग्रेस नेता रशीद मसूद को एमबीबीएस सीट घोटाले में 4 साल की सजा हुई थी जिसके बाद उनकी सदस्यता को रद्द कर दिया गया था। रशीद मसूद यूपी से राज्य सभा सांसद थे। बीजेपी विधायक अशोक सिंह चंदेल को एक हत्या के मामले में सजा सुनाई थी उनकी भी विधानसभा सदस्यता को रद्द कर दिया गया था।

वही यूपी के उन्नाव रेप कांड में भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर को उम्रकैद की सजा हुई थी, उनकी भी विधानसभा सदस्यता को रद्द कर दिया गया था। गांधी परिवार कानून और संविधान से ऊपर नहीं है। न्यायाधीश ने यह भी टिप्पणी की कि जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8 (3) के तहत सांसद के रूप में गांधी को हटाने या अयोग्य घोषित किए जाने को ह्यअपूरणीय क्षतिह्व या नुकसान नहीं कहा जा सकता। यदि उन्हें सजा न सुनाई गई होती, तो अनाप-शनाप बोलने का क्रम जारी रहता। बहरहाल इस एक निर्णय से 2024 का राजनीतिक संकट, कांग्रेस के लिए, गहरा सकता है। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं।

वहां ओबीसी करीब 54 फीसदी हैं, लिहाजा भाजपा ने अभी से ओबीसी अपमान का मुद्दा गरमा दिया है। खुद प्रधानमंत्री इसी वर्ग से आते हैं और उनका अपमान किया गया है, लिहाजा उन्होंने चुनाव जनसभाओं में यह मुद्दा उठाया, तो कांग्रेस बखूबी जानती है कि चुनाव किस तरफ मुड़ सकता है। राहुल की वाणी ने अपशब्दों का प्रयोग किया था, लेकिन विडंबना है कि कांग्रेस उसका भी बचाव कर रही है! राहुल के साथ बड़े नेता, तीनों मुख्यमंत्री भी, बस में भरकर सूरत तक गए। कांग्रेस प्रवक्ता अडानी, योगी, हाथरस, उन्नाव, गोली मारो स्सालों को सरीखे बेतुके तर्क दे सकते हैं, लेकिन आपराधिक मानहानि पर क्या कहेंगे?

## कविता

### इतनी खामोश हवाएं क्यों है ?

इतनी खामोश हवाएं क्यों है,
इतनी गमगीन फिजाएं क्यों है।

हाल ए दिल तो सुनाओ जरा,
इतनी बे-असर दुआयें क्यों हैं।

दर्द हमारा तो ला इलाज है,
बेअसर इतनी दवायें क्यों हैं ।

नजरें बता गई बेरुखी का सबक,
आंखों में लाल ढेर अंगारे क्यों हैं।

इंतहा हो गई लम्हों के इंतजार की,
अपनी यादों के गमगीन इशारे क्यों हैं।

लोरियां सो गई दर्द बयां करते संजीव,
आसुओं के जुगनू इतने बेसहारे क्यों हैं।

हिम्मत रखो अंधेरों के बाद रोशनी आएगी,
आप के हौसले इतने थके हारे क्यों हैं।

संजीव ठाकुर

## उपवास का नाटक

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मेरा** लड़का खेल-खेल में गा रहा था आज सोमवार है चूहे को बुखार है...। स्कूल में पढ़ने वाले चूहों के साथ अक्सर ऐसा होता है। हो न हो चूहे को यह बुखार भी रविवार की शाम से चढ़ना आरंभ हो जाता होगा। पढ़ने वाले, चिंतन करने वाले और दुनिया का हाल देखने वाले अक्सर बीमार पड़ते हैं। मुझ जैसे मस्तमौला को सोमवार के दिन बुखार नहीं उपवास का खुमार चढ़ता है। आप यही सोच रहे हैं न कि सोमवार को तो कुंवारी लड़कियाँ उपवार रखती हैं। वह भी 16 सोमवार। चंद्र दोष से मुक्ति, उत्तम वर की प्राप्ति, जीवन-मरण से छुटकारा और न जाने क्या-क्या फायदे हैं। लेकिन ये सभी कुंवारी लड़कियों के लिए है। अब मुझ जैसे शादीशुदा को कुंवारी तो क्या कुंवारा भी नहीं कह सकते। हाँ बेचारा अवश्य कह सकते हैं। अपनी इसी बेचारगी को हर सोमवार भुनाने की कोशिश करता हूँ। पत्नी को यह कहकर कि सोमवार के दिन दुनिया भर की लड़कियाँ व्रत रखती हैं, लेकिन मैं एक पुरुष होकर तुम्हारे लिए व्रत रखता हूँ। कुंवारियाँ तो अच्छे वर के लिए व्रत रखती हैं, मैं तो तुम्हें पाने की खुशी में रखता हूँ। तुम्हारे मिल जाने से मैं जीवन-मरण की मोहमाया से मुक्त हो गया हूँ। स्त्रियाँ स्वप्रशंसा के इतने अनुयायी होते हैं कि उसमें झूठ का पुलिंदा भी रख दो उसे सच मान लेती हैं। सच तो यह है कि मेरे व्रत रखने का एजेंडा राजनैतिक दल के चुनावी मेनिफेस्टो की तरह है। दिखने में कुछ और करने में कुछ। रंगा सियार की तरह मेरे एक दिवसीय साप्ताहिक उपवास का धारावाहिक बड़े आराम से व्यतीत होता जा रहा था। मुझे अब यह पछतावा हो रहा था कि मैंने शादीशुदा जीवन के इतने दिन बिना उपवास के व्यर्थ क्यों गवां दिए। उपवास प्रदत्त आनंद से मुझ पेटूमति को यह भी समझ में आ गया कि हम भारतीय उपवास से इतना क्यों लगाव रखते हैं। सच बताऊँ, मैं तो आने वाले हर सोमवार के चार दिनों पहले से ही प्रतीक्षा करने लगता था और बार-बार पूछता रहता था कि आज कौन सा दिन है! परन्तु हर अच्छी चीज का अंत एक दिन होता ही है। वह दिन आ ही गया। जब एक दिन श्रीमती ने झनझनाते हुए मुझे आड़े हाथों लिया - "सुनो जी आपकी इस साप्ताहिक नौटंकी से मैं । आप सीधे शिवमंदिर जा कर शिवजी से क्षमा मांगे, नारियल भेंट करें और तुरंत बंद करें अपना ये साप्ताहिक उपवास का धारावाहिक।" मैंने आश्चर्य से पूछा ह्लअरे क्यों? मैं तो इसे पिछ्ले कुछ महीनों से बड़े आराम और मजे से निभा रहा हूँ. मुझे कोई तकलीफ या दिक्कत नहीं है।" पत्नी जी उखड़ गयीं - "तकलीफ आप को नहीं मुझे हो रही है। प्रत्येक रविवार को आप रटने लगते हैं की कल सोमवार है। इसलिए आज जरा कुछ शक्तिदायी शाही पनीर और गाजर का हलवा बना देना; सादे चावल की जगह शुद्ध घी का काजू मटर पुलाव रात के भोजन में ठीक रहेगा ताकि कल किसी प्रकार की कमजोरी महसूस न हो। उपवास के दिन तो आप हद कर देते हैं। उस दिन सुबह से दूध और फलाहार प्रारंभ हो जाता है कि आज उपवास है, खाना नहीं बाना है। सुबह से रात तक सेंधा नमक युक्त साबूदाना, दूध में पके मखाने, सिंघाडे के आटे का हलवा, राजगीर, शकरकंदी जैसे फलाहारी खाद्य पदार्थ बनाते-बनाते और केला, अमरूद, सेब, नाशपति आदि ऋतु फल परोसते-परोसते मैं तो परेशान हो जाती हूँ। साथ में सब के लिए प्रतिदिन का खाना बनाओ सो अलग। आप का ह्यउपवास' तो थोड़ी-थोड़ी देर में 'पेटवास' हो जाता है। आपको उपवास के दिन कुछ काम-धाम तो करना है नहीं है। उपवास के दिन कहेंगे कि दुकान नहीं जाना, आज उपवास है। मंडी कल जाएंगे। खैर, दूसरे दिन मंगलवार को सुबह से आप राग अलापने लगते हैं कि कल दिन भर के 'उपवासे' थे, भूखे-प्यासे व कमजोर से महसूस कर रहें हैं, तो आज टंगड़ी कबाब या कम से कम अंडा फ्राय तो हो जाए। क्षमा करें, मुझे आप के एक दिवसीय व्रत के एवज में पाँच दिवसीय टेस्ट क्रिकेट मैच में अब सम्मिलित नहीं होना है।"

## विचार

# बिखर गई पंचायतें, रूठ गए है पंच

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**बिखर गई पंचायतें, रूठ गए है पंच।**
**भटक राह से है गए, स्वशासन के मंच।।**

आजकल हमें ऐसी खबरें सुनने और पढ़ने को मिल रही है कि देश के अमुक गांव के सरपंच ने कर्ज के चलते आत्महत्या कर ली। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? भारत की पंचायती राज प्रणाली में गाँव या छोटे कस्बे के स्तर पर ग्राम पंचायत या ग्राम सभा होती है जो भारत के स्थानीय स्वशासन का प्रमुख अवयव है। सरपंच, ग्राम सभा का चुना हुआ सर्वोच्च प्रतिनिधि होता है। प्राचीन काल से ही भारतवर्ष के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन में पंचायत का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। सार्वजनिक जीवन का प्रत्येक पहलू इसी के द्वारा संचालित होता था। वर्तमान में ई-पंचायत के विरोध में हरियाणा प्रदेश भर में ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवों द्वारा धरने दिए जा रहे हैं और बीडीपीओ कार्यालय को ताले जड़े जा रहे हैं, सरकार ग्राम पंचायत में ई-प्रणाली शुरू करने जा रही है। हरियाणा के सरपंचों का कहना है कि ग्राम पंचायत में इस तरह की प्रणाली पर काम नहीं हो पाएगा। ऐसे में गांवों के विकास कार्य प्रभावित होंगे। विकास कार्य न होने पर ग्रामीण भी सड़कों पर उतर जाएंगे। भारतीय संविधान में 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है। 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियमों के तीन दशक से भी अधिक समय के बाद, राज्य सरकार, स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से, पंचायतों पर काफी विवेकाधीन अधिकार और प्रभाव का प्रयोग करना जारी रखती हैं। भारत में, स्थानीय निर्वाचित अधिकारियों (जैसे कि तेलंगाना में ये सरपंच ) की शक्तियाँ राज्य सरकारों और स्थानीय नौकरशाहों द्वारा कई तरह से गंभीर रूप से सीमित रहती हैं, जिससे स्थानीय रूप से निर्वाचित अधिकारियों को सशक्त बनाने के लिए संवैधानिक संशोधनों की भावना कमजोर होती है। ग्राम पंचायत रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए राज्य और केंद्र से मिलने वाले अनुदान (विवेकाधीन और गैर-विवेकाधीन अनुदान) पर आर्थिक रूप से निर्भर रहती हैं। मोटे तौर पर, पंचायतों के पास धन के तीन मुख्य स्रोत -राजस्व के अपने स्वयं के स्रोत (स्थानीय कर, सामान्य संपत्ति संसाधनों से राजस्व, आदि), केंद्र और राज्य सरकारों से सहायता अनुदान, और विवेकाधीन या योजना-आधारित धन होते हैं । राजस्व के अपने स्वयं के स्रोत (कर और गैर-कर दोनों) कुल पंचायत निधियों के एक छोटे से अनुपात का गठन करते हैं। पंचायतों के लिए विवेकाधीन अनुदानों तक पहुंच राजनीतिक और नौकरशाही संबंधों पर निर्भर करती है। स्वीकृत धनराशि को पंचायत खातों में स्थानांतरित करने में अत्यधिक देरी से स्थानीय विकास रुक जाता है। उन्हें आबंटित धन का उपयोग कैसे करना हैं, इस पर भी गंभीर प्रतिबंध हैं। राज्य सरकारें प्रायः पंचायत निधियों के माध्यम से विभिन्न व्ययों पर खर्च की सीमाएँ लगाती हैं। जैसे हाल ही में हरियाणा में सरकार ग्राम पंचायत में ई-प्रणाली शुरू करने जा रही है। ग्राम पंचायत में इस तरह की प्रणाली पर काम नहीं हो पाएगा। ऐसे में गांवों के विकास कार्य प्रभावित होंगे। विकास कार्य न होने पर ग्रामीण भी सड़कों पर उतर जाएंगे। पंचायत निधि खर्च करने के लिए दोहरे प्राधिकरण की व्यवस्था करती है। सरपंचों के साथ ही, भुगतान के लिए नौकरशाही की सहमति की आवश्यकता होती है। सरपंच और पंचायत सचिव को पंचायत निधि से भुगतान के लिए जारी किए गए चेक पर सह-हस्ताक्षर करना चाहिए । राज्य सरकार स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से स्थानीय सरकारों को बाध्य करती हैं। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं के अनुमोदन के लिए अक्सर ग्रामीण विकास विभाग के स्थानीय अधिकारियों से तकनीकी स्वीकृति और प्रशासनिक अनुमोदन की आवश्यकता होती है, सरपंचों के लिए एक थकाऊ प्रक्रिया जिसके लिए सरकारी कार्यालयों में बार-बार जाने की आवश्यकता होती है। स्थानीय कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखने की सरपंचों की क्षमता सीमित है। कई राज्यों में, पंचायत को रिपोर्ट करने वाले स्थानीय पदाधिकारियों, जैसे ग्राम चौकीदार या सफाई कर्मचारी, की भर्ती जिला या ब्लॉक स्तर पर की जाती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# वन प्रबंधन के लिए सही योजनाएं बनाई जाए

**अशोक भाटिया**

**जलवायु** परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का असर इस साल की शुरूआत में ही दिखने लगा है। देश के बड़े हिस्से में तापमान औसत से अधिक दर्ज किया गया है और इस बार तीन मार्च से ही लू या हीटवेव का प्रकोप शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा 19 अप्रैल, 2023 को जारी अखिल भारतीय मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, 18 अप्रैल, 2023 को भारत के 60 प्रतिशत से अधिक या 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। 2022 की तुलना में इस बार हीटवेव ने देश में 10 दिन पहले दस्तक दी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2023 तक, तीन राज्यों में लू या हीटवेव का सितम रहा। तीन मार्च से 18 अप्रैल, 2023 तक अब यह संख्या बढ़ कर 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच गई, जिन्हें गर्म हवाओं ने अपने आगोश में ले लिया था।भारत में लू या हीटवेव इस सप्ताह सुर्खियां बना रहा है, 16 अप्रैल को कथित तौर पर हीटस्ट्रोक से 13 लोगों की मौत हो गई। 20 अप्रैल को प्रकाशित, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक अध्ययन ने बताया कि देश के 90 प्रतिशत लोगों को गर्मी के कारण आजीविका क्षमता, खाद्यान्न उपज, वेक्टर जनित रोग फैलने और शहरी स्थिरता में नुकसान होने का खतरा है। यहां बताते चले कि, जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में कम से कम 37 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो उसे हीटवेव घोषित किया जाता है।कर्नाटक में साल का पहला लू का प्रकोप तीन मार्च को दर्ज किया गया था। नौ मार्च तक राज्य में चार दिन लू का कहर दर्ज किया गया था। गोवा में लू के चार दिन और गुजरात में दो दिन रहे। महीने की आखिरी लू 12 मार्च 2023 को दर्ज किया गया था।देश में 12 अप्रैल, 2023 को पश्चिम बंगाल में गंगा के अलग-अलग इलाकों में लू ने दस्तक दी। आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब और पश्चिम बंगाल में 12 से 18 अप्रैल तक लू का प्रकोप दर्ज किया गया।

## देश के बहुसंख्यकों की दुर्दशा की जिम्मेदार अफसरशाही?

**राज सक्सेना**

**यहदेश** का यह दुर्भाग्य है कि जिन परिस्थितियों में सही, जब देश को आजादी मिली तो विरासत में उसे जनता को अपनी दास-प्रजा के रूप में समझने वाली पूरी तरह विदेशी मानसिकता से ग्रसित अफसरशाही और न्यायतंत्र मिला। और विधायिका के रूप में, लगभग प्रशासनिक क्षमता और दक्षता से शून्य एक ऐसा वर्ग मिला जो विदेशी अफसरशाही के आगे उसका मालिक होने के बावजूद उसके आभामंडल के सामने लाचार और हताश था। सोने में सुहागा यह कि विधायिका के प्रधान के रूप में देश को एक ऐसा प्रमुख मिला जिसे भारतीय संस्कृति और सभ्यता का शून्य ज्ञान था। जो अपने आपको खुले आम सार्वजनिक मंचों पर एक्सीडेंटल हिन्दू कहने में गर्व महसूस करता था। जो भारतीय कपड़े तक पहनने में शर्म महसूस करता था,अचकन और चूड़ीदारपायजामा पहनना पसंद करता था।मुस्लिम संस्कृति को भारतीय संस्कृति से श्रेष्ट समझता था। इसीलिए उसने किसी और पद्यति से अनजान केवलमदरसों में पढ़े मौलाना आजाद को,ह्यभारत कोसुसंस्कृतह्व करने के लिए देश का प्रथम शिक्षामंत्री बनाया और अपने जीवनकाल में किसी अन्य धर्म के व्यक्ति को शिक्षा मंत्री बनाने की भूल भीनहीं की। एक लम्बे समय तक देश पर राज करने वाले इस विधायिका प्रमुख ने, न तो देश की कार्यपालिका को नागरिकों के प्रति जबावदेह बनाने का प्रयास किया और न ही न्यायपालिका को ही बहुसंख्यक नागरिकों के हितों के अनुकूल जवाबदेही के प्रति आकर्षित करने का प्रयास किया। जिसके परिणामस्वरूप कार्यपालिका ऐशोआराम के बीच अपना कार्यकाल बिताने की अभ्यस्तहो गयी, तो न्यायपालिका शासकीय नीतियों के अनुरूप अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की ओर मुड़ गयी। देश के लिए यह दोनों परिस्थितियाँ घातक थीं और आगे चल कर देश को एक ऐसे अंधकूप में धकेलने का कारक बन रही थीं जो आज सामने आ रही हैं।

इसके घातक परिणाम तत्कालभी सामने आये और देश हिन्दू-मुस्लिम दंगो और आतंकवादी घटनाओं की टकसाल बन कर रह गया। हर साल हजारों हिन्दू और सैकड़ों मुस्लिम इन दंगों की भेंट चढने लगे किन्तु न तो कार्यपालिका ने कोई जवाबदेही ली और न ही न्यायपालिका ने कोई कार्यवाही की।

## न्यूज फ्लैश

### चरस की तस्करी करते हुए आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीआईए वन टीम ने एक आरोपी को चरस की तस्करी करते हुए गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी के कब्जे से 500 ग्राम चरस व एक डिस्कवर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। सीआईए वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर लालूपुरा मोड पर नाकेबंदी के दौरान रिंकू पुत्र कृष्ण लाल वासी इंद्रा कॉलोनी करनाल को बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल नंबर एचआर05एई-7385 सहित काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पॉलिथीन में से 500 ग्राम चरस बरामद की गई है व आरोपी की मोटरसाइकिल को भी कब्जा पुलिस में लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी वर्ष 2006 से ही प्रतिबंधित नशीले पदार्थ तस्करी का काम करता है। आरोपी उपरोक्त चरस को यमुनापार से उत्तर प्रदेश में एक जगह से एक व्यक्ति से सोलह हजार रुपए में खरीद कर लाया था और आरोपी इस चरस को करनाल में लाकर छोटी-छोटी पुडि़ बनाकर नशे के आदि लोगों को करीब दोगुना महंगे दाम पर सप्लाई करने वाला था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ जिला करनाल के विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत छह मामले दर्ज हैं। इनमें से दो मामलों में आरोपी को न्यायालय द्वारा पंद्रह-पंद्रह साल की सजा सुनाई गई थी व एक मामले में दो साल की सजा सुनाई गई थी। फिलहाल आरोपी जमानत पर बाहर चल रहा था। इसके अलावा आरोपी की भाभी भी नशीले पदार्थ बेचने का काम करती है। नशीले पदार्थ बेचने के अपराध में आरोपी की बहन भी फिलहाल जेल में सजा काट रही है। आरोपी के दो भाई भी नशीले पदार्थों का काम करते थे, जिनकी अब मृत्यु हो चुकी है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# 'अक्षय तीज अध्यात्मिक भावनाओं तथा संस्कारों को जगाती है'




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में अक्षय तृतीया तथा वर्षी तप पारणा महोत्सव हर्षोल्लास तथा उत्साहपूर्वक भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज के सान्निध्य में मनाया गया। सुधा जैन, पवन जैन के भजन के पंक्तियों इआया अक्षय तृतीया पर्व महान, जय-जय ऋषभदेव भगवान तथा नाम है जिनका तारणहारा कब उनका दर्शन होगा, जिनकी प्रतिमा इतनी सुंदर कब उनका दर्शन होगा, जयकारा जयकारा बोलो सभी शुद्ध मन से भक्ति भाव से देवाधिदेव की महिमा को आज है गाना रसना को पावन सभी ने बनाना ने सभी को तरंगित किया।

मुनि संयमेश, साध्वी जागृति, साध्वी समृद्धि ने भगवान ऋषभदेव के वर्षी तप के संबंध में प्रेरक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। महासाध्वी श्री प्रमिला तथा महासाध्वी श्री मीना ने अक्षय तीज के महत्व के साथ भगवान ऋषभदेव के जीवनवृत्त, साधना काल तथा वर्षभर की लंबी तपस्या के पश्चात अक्षय तीज पर तप पूणार्हुति का सविस्तार विवेचन किया।

सर्व धर्म दिवाकर श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि अक्षय तृतीया भारतीय परंपरा का सांस्कृतिक त्यौहार है, जो आध्यात्मिक भावनाओं और संस्कारों को जगाता है। भारतीय ज्योतिष के हिसाब से तिथियां चंद्रमा तथा नक्षत्रों के गति के अनुसार बनती हैं चंद्रकला की तरह तिथियां भी घटती-बढ़ती रहती हैं, परंतु अक्षय तीज आज तक हजारों वर्षों में भी कभी नहीं घटी। तीन का अंक कितनी बार गुणा करके घटाए जाने पर फिर अपने मूल रूप में आ जाता है, उससे घटता नहीं। वैदिक परंपरा के अनुसार जमदाग्नि के पुत्र परशुराम का जन्म तथा सतयुग का प्रारंभ अक्षय तृतीया को हुआ था। इस दिन किए जाने वाले दान-तप आदि पुण्य कार्यों का फल अक्षय होता है। यह अनपुछ मुहूर्त है जिसके लिए ज्योतिषी से परामर्श लेने की आवश्यकता नहीं होती और गृह-प्रवेश, विवाह संस्कारए नव कार्य शुभारंभ किया जाता है।

मुनि जी ने कहा कि इस अवसर्पिणी कल के पहले तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने सभ्यता-संस्कृति का निर्माण करते हुए असि-मसि-कृषि-व्यापार-वाणिज्य कर्म का उपदेश दिया, परंतु भिक्षार्थ जाने पर साधु-चर्या से परिचित न होने के कारण जनसाधारण उन्हें मयार्दा के अनुकूल भोजन-पानी उपलब्ध कराने की बात नहीं सोच पा रहे थे। तेरह महीने दस दिन बीत जाने पर हस्तिनापुर में उन्हीं के पड़पौत्र युवराज श्रेयांशकुमार ने पूर्व जन्मों का ज्ञान हो जाने पर प्रासुक गन्ने का रस बहराकर कर उनका पारणा कराया। उसी परंपरा का अनुपालन करते हुए वर्तमान में भी चैत्र कृष्णा अष्टमी से वैशाख शुक्ल तृतीया तक एकांतर व्रत, आयंबिल, एकाशना करते हुए वर्षी तप किया जाता है, क्योंकि वर्तमान में न्यून शारीरिक शक्ति के कारण निरंतर वर्षभर तक निराहार तथा निर्जल रहना संभव नहीं है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अश्वनी जैन (रजनी एग्रो ऑयल, लाडवा) ने की। समाजसेवी लाला सोहन लाल गुप्ता, घरौंडा मुख्य अतिथि रहे। ध्वजारोहण नवकार ट्रेडर्ज, दिल्ली के राकेश जैन ने किया। अरिहंत डिपार्टमेंटल स्टोर, रायकोट के धर्मवीर जैन ने भगवान ऋषभदेव दरबार का अनावरण किया।

प्रीतिभोज की सेवा चेतन लाल जैन (गणेश भ्ा, करनाल) की ओर से रही। गन्ने का रस प्रसाद रूप में धूमचंद चाय वालों के सौजन्य से बांटा गया। कांधला, अंबाला, दिल्ली, हिसार, पानीपत, घरौंडा, चंडीगढ, जीरकपुर के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 870 ग्राम चूरा पोस्त सहित एक आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर बलदेव सिंह पुत्र तार सिंह वासी खिजराबाद जिला करनाल को टी-प्वाइंट गामा रोड गांव खिजराबाद से काबू किया किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पॉलिथीन में से 870 ग्राम चूरा पोस्ट बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह चूरा पोस्त का नशा करने का आदी है और वह उपरोक्त चूरा पोस्त को जिला कैथल के मंडवाल गांव से एक व्यक्ति से पैंतीस सौ रुपए में खरीदकर लाया था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ पहले भी एक मामला एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज है और उस मामले में आरोपी जमानत पर बाहर चल रहा है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया।

## राष्ट्रपति आज एनडीआरआई के 19वें दीक्षांत समारोह में लेंगी भाग



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **महामहिम** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 24 अप्रैल को प्रातः साढ़े 10 बजे राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) के सभागार में आयोजित 19वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगी और छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान करेंगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर डीजीपी हरियाणा पीके अग्रवाल, एडीजीपी सीआईडी अलोक कुमार मित्तल, आईजी करनाल रेंज सतेन्द्र गुप्ता, उपायुक्त अनीश यादव तथा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन व एनडीआरआई के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने समारोह स्थल का निरीक्षण किया और प्रबंधों का जायजा लिया। इसके अलावा जिला प्रशासन व एनडीआरआई के अधिकारियों ने कार्यक्रम को लेकर संयुक्त रिहर्सल भी की। डीजीपी पीके अग्रवाल ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मीडिया द्वारा अमृतपाल को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में डीजीपी ने कहा कि हरियाणा पुलिस भी पूरी तरह से सजग थी और निरंतर पंजाब पुलिस के सम्पर्क में रही है। उन्होंने राज्य के नागरिकों से अपील की है कि वे मिलजुल कर अमन-चैन बनाए रखें, किसी के बहकावे में न आएं अगर कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। डायल 112 नम्बर गाड़ी के परिणाम अच्छे मिल रहे हैं और अब सरकार ने अग्निशमन सेवा और एम्बुलेंस सेवा को भी इसमें समन्वय किया है ताकि एमरजेंसी के समय तुरंत सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि डायल 112 पर झूठी शिकायत दर्ज न करवाएं, यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में शामिल उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि एनडीआरआई के दीक्षांत समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भारत सरकार के कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय मंत्री मत्स्यपालन पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय परशोत्तम रूपाला, केन्द्रीय राज्यमंत्री कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय कैलाश चौधरी, करनाल के सांसद संजय भाटिया, विधायक हरविन्द्र कल्याण, रामकुमार कश्यप, धर्मपाल गोंदर, शमशेर सिंह गोगी, भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद भाग लेंगे।

## मेयर मदान ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौंसला



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत :** जनसेवा जागृति मंच द्वारा संस्था के 18 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में जागृति धाम सेक्टर 15 में निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेयर निखिल मदान बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। मेयर निखिल मदान ने रक्तदान करने पहुंचे सभी रक्तदाताओं का बैज लगाकर और प्रशस्ति पत्र देकर हौंसला बढ़ाया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि रक्तदान महादान है और लोगों की जिंदगी बचाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। एक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित तौर पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि युवा लोगों को विशेषकर रक्तदान में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। मेयर निखिल मदान ने अपने संबोधन में कहा कि समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों में जन सेवा जागृति मंच का कार्य बेहद सराहनीय है। संस्था द्वारा समय समय पर ऐसे शिविर लगाए जाते है जिसके लिए संस्था के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र है और वो इस पुनीत कार्य के लिए जन सेवा जागृति मंच का धन्यवाद करते है।

## विवाहिता की आत्महत्या: परिजनों ने ननद व ससुर पर लगाए आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **कस्बा** घरौंडा में विवाहिता द्वारा संदिग्ध हालत में आत्महत्या करने के मामले में मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर परेशान करने आरोप लगाए हैं। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस में विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने जमकर हंगामा भी किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। बता दें कि शनिवार दोपहर को फरीदाबाद की रहने वाली राधा ने अपने घर पर संदिग्ध हालत में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

## निशुल्क मेगा न्यूरो कैंप में 198 मरीजों की हुई जांच



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जेसीआई** करनाल एजाइल तथा विर्क अस्पताल की ओर से निशुल्क मेगा न्यूरो कैंप का आयोजन किया गया। इस निशुल्क मेगा न्यूरो कैंप में शहर के जाने-माने चिकित्सकों ने दिनभर के दौरान 198 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। कैंप में आए लोगों ने धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार कर संबंधित रोग के चिकित्सक को दिखाया तथा संतुष्ट होकर घर वापस लौटे।

इस कैंप में डा. रजत मनचंदा नसों की कमजोरी, स्ट्राक, लकवा, अधरंग, सर्वाइकल, दिमागी बुखार जैसी बीमारियों की जांच की। वहीं डा. अश्वनी कुमार कैंप में कमर दर्द, डिस्क, मनकों का हिलना, सर व रीढ़ की चोट, ब्रेन व स्पाइन टयूमर, दौरे पडना जैसी बीमारियों की जांच की। इसके अलावा डा. सम्राट करण सहगल निशुल्क मेगा कैंप में डिप्रेशन, मानसिक विकार, नींद की समस्या, मिर्गी, बेहोशी के दौरे, वहम की बीमारी, भूलने की बीमारी से संबंधित बीमारियों की जांच की। जेसीआई करनाल एजाइल के प्रधान जेसी वरूण अरोड़ा, सचिव जेसी तरूण ग्रोवर, पीडी जेसी राहुल मदान, पीडी जेसी प्रवेश गाबा ने बताया कि कैंप में न्यूरो से संबंधित बीमारियों को लेकर 198 मरीजों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि निशुल्क मेगा कैंप के जरिए लोगों में जागरूकता पैदा करना है, ताकि उन्हें पता चल सके कि आपके शरीर में क्या चल रहा है और किस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। कैंप का भी यही उद्देश्य है कि जो बीमारी शरीर में पनप रही है, उसका समय रहते या फिर वास्तविक समस्या बनने से पहले संभावित समस्याओं को पता

## सर्राफ के मकान में दिनदिहाड़े हुई 40 लाख की चोरी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** दिन-दिहाड़े सेक्टर-5 में चोरों ने एक सर्राफ व्यापारी के घर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। दरवाजे का शीशा तोडकर चोर अंदर दाखिल हुए और लगभग 40 लाख की चोरी कर फरार हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट गई।

सैक्टर-5 में रहने वाले सर्राफ व्यापारी राजीव के घर में दिन-दहाड़े चोर घुस गए और करीब 40 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोरी की घटना के वक्त घर में कोई भी नहीं था, क्योंकि सभी लोग शादी में पंचकूला के मोरनी गए हुए थे। ऐसे में चोरों ने घर में रखे अलमारी, संदूक, बैड व अन्य जगहों को खंगाल डाला। अनुमान लगाया जा रहा है कि करीब 600 ग्राम सोना व 4 लाख की नगदी पर हाथ साफ किया गया है। राजीव घर पहुंचे तो घर के दरवाजे टूटे हुए थे, अलमारियां खुली पड़ी थीं और उनमें रखा सोना व नकदी गायब थे। चोरों ने मंदिर में रखे चांदी के सिक्के सहित पैसों तक पर हाथ साफ कर दिया। इस वारदात को देख राजीव होश खो बैठे। दिनदहाड़े हुई चोरी ने आसपास के लोगों को भी सकते में डाल दिया।

चोरी की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। चोरों ने कैसे चोरी की और कैसे वे अंदर घुसे यह सब रिकॉर्ड हो चुका था, लेकिन चोर काफी शातिर निकले और वे सीसीटीवी रिकॉर्डिंग का डीवीआर ही अपने साथ लेकर चले गए। घर के अंदर करीब 24 सीसी टीवी कैमरे लगे हुए थे।

## मंडल आयुक्त ने निसिंग अनाज मंडी किया दौरा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **मंडल** आयुक्त करनाल डॉ. साकेत कुमार ने रविवार को निसिंग अनाज मंडी का दौरा कर गेंहू के उठान जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अनाज मंडी में सफाई व्यवस्था की भी जांच की। मंडल आयुक्त ने बताया कि अनाज मंडी में गेंहू के बैगों का उठान का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। इस दौरान उन्होंने मंडी सचिव को लिफ्टिंग के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

आढ़तियों को गेंहू के उठान में किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी में पीने के पानी, साफ-सफाई तथा शौचालय आदि की व्यवस्था ठीक है।

## ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में रविवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत क्लासरूम मैनेजमेंट पर शिक्षकों को टिप्स दिए गये। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ० सुमिता ठाकुर, सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन डॉ नीरू अरोड़ा प्रिंसिपल, गोविंदगढ़ पब्लिक स्कूल, गोविंदगढ़ और डॉ अनुपम हांडा एयर फोर्स स्कूल, अंबाला कैंट और प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित अन्य स्कूलों के अध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अध्यापकों द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रधानाचार्या डॉ० सुमिता ठाकुर ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। शिविर में रिसोर्स पर्सन डॉक्टर नीरू अरोड़ा ने शिक्षकों को टिप्स देते कहा कि क्लास रूम में पठन-पाठन के दौरान बहुत सी ऐसी गतिविधियां छात्रों द्वारा उत्पन्न की जाती हैं। जिससे शिक्षक अपने आप को असहज महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षक को किस प्रकार से निपटना चाहिए, बच्चों को पढ़ाई के प्रति कैसे अधिक अभिरुचि जागृत करना चाहिए, पढ़ाने के तरीके को कैसे सहज बनाए जिससे कि पाठ्यक्रम के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास हो आदि अनेक बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्कूली शिक्षा में जो बदलाव किए गए हैं उनके विषय में भी विशेष जानकारी दी और बताया कि नई शिक्षा नीति में 10+2 के फार्मेट को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। अब इसे 10+2 से बांटकर 5+3+3+4 फार्मेट में ढाला गया है। इसका मतलब है कि अब स्कूल के पहले पांच साल में प्री-प्राइमरी स्कूल के तीन साल और कक्षा 1 और कक्षा 2 सहित फाउंडेशन स्टेज शामिल होंगे।फिर अगले तीन साल को कक्षा 3 से 5 की तैयारी के चरण में विभाजित किया जाएगा। इसके बाद में 3 साल मध्य चरण (कक्षा 6 से 8) और माध्यमिक अवस्था के चार वर्ष (कक्षा 9 से 12)। नई शिक्षा नीति को लेकर जितने उत्साहित छात्र हैं, उससे कहीं अधिक उत्साहित स्कूलों के प्रिंसिपल और टीचर हैं।

इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं के अलावा गुरुकुल कुरुक्षेत्र, पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, ब्लू बेल्स स्कूल नारायणगढ़, गुरु नानक देव अकैडमी पेहवा, श्री महावीर जैन , श्रीमद्भगवद्गीता आदि विद्यालयों का स्टाफ उपस्थित रहा।

# श्रद्धानंद कॉलोनी का आप नेता सुरेश शर्मा ने किया दौरा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वार्ड-18 के ए-ब्लॉक श्रद्धानंद कॉलोनी में आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने दौरा किया और लोगों की समस्याओं को सुना। जनता की जो भी समस्याएं थी उसके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उसको ध्यान से सुनकर जनता की समस्याओं का उचित समाधान किया जा रहा है। जिससे की क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले जिससे की क्षेत्र साफ और स्वच्छ रहे।



भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## जन्मदिन व सालगिरह पर पौधे अवश्य लगाये: मनीष



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
गरीब व असहाय की सेवा करना एक पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उक्त बातें अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव ने कही। श्री यादव ने कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है।



शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र में लोगों को सरल ऐप के बारे में जानकारी देते हुए जिला केशवपुरम भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल।

## प्राथमिकी दर्ज न करने पर पुलिस को दिया नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। डीसीडब्ल्यू ने एफआईआर की कॉपी मांगी है और दिल्ली पुलिस से एफआईआर दर्ज करने में देरी के कारण बताने को कहा है। डीसीडब्ल्यू ने मामले में की गई गिरफ्तारियों का ब्योरा भी मांगा है। डीसीडब्ल्यू द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न की शिकायत डीसीडब्ल्यू को मिली है। शिकायतकर्ता ने डीसीडब्ल्यू को सूचित किया है कि एक नाबालिग सहित कई महिला पहलवानों ने आरोप लगाया है कि आरोपित व्यक्ति भारतीय कुश्ती महासंघ में अपने कार्यकाल के दौरान उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के अपराध में शामिल रहा है। उल्लेखनीय है कि रविवार को सभी पहलवान दिल्ली के जंतर मंतर में प्रदर्शन करने के लिए इक्ट्ठा भी हुए है। डीसीडब्ल्यू को दी शिकायत में बताया गया है कि इस संबंध में उनके द्वारा कनॉट प्लेस थाने में 21 अप्रैल को एक शिकायत दी गई थी। उन्होंने आगे बताया कि कनॉट प्लेस के एसएचओ द्वारा शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने यह भी कहा है कि जब शनिवार को कनॉट प्लेस के एसएचओ को शिकायत की स्थिति के बारे में पूछताछ करने के लिए फोन किया, तो उन्होंने बताया कि कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है और सोमवार के बाद शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। उसने आगे कहा है कि जब उसने उससे सोमवार तक प्राथमिकी दर्ज करने का आश्वासन मांगा, तो उसने उत्तर दिया कि वह इसकी गारंटी नहीं दे सकता। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला पहलवान यौन उत्पीड़न की अपनी एफआईआर दर्ज नहीं करा पा रही हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस को शिकायत की है, अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। मैंने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर रिपोर्ट मांगी है। तुरंत प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। 2 दिन बीत जाने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

## वजीरपुर: महंगाई कम करने की ओर ध्यान दें सरकार: अमित गुप्ता

### जनतहित में निर्णय लेती है कांग्रेस: अमित गुप्ता



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। यही कारण है कि आज दिल्ली की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। उक्त बातें युवा कांग्रेस नेता अमित गुप्ता ने कही। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री गुप्ता ने कहा कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है। उसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस ने दिल्ली में अनेको विकास कार्य करवाकर के दिखाये थे, तभी तो दिल्ली मॉर्डन दिल्ली बनी थी। युवा कांग्रेस नेता अमित गुप्ता ने कहा कि आज जो आप दिल्ली में मैट्रो, लो-फ्लोर बसे, बड़े-बड़े फ्लाईओवर देख रहे है, उसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को जाता है क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो भी निर्णय लेती है, वह जनहित में ही लेती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रोहिणी** जिले के प्रेम नगर थाना इलाके के इंद्र एनक्लेव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना रविवार सुबह की है। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता नहीं लग सका है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, प्रेम नगर थाना अंतर्गत इंद्र एनक्लेव में रविवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



ACTION INDIA

साक्षात्कार...
**डॉ. विपिन पिव्हाल**
**भाजपा नेता**

## भाजपा की अच्छी सोच से हो रहा हैं देश का विकास: पिव्हाल





**कुछ अलग करना है,**
**तो भीड़ से हटके चलो,**
**भीड़ साहस तो देती है,**
**मगर पहचान छीन लेती है।**

**आज** हम आपकी मुलाकात ऐसे भाजपा नेता व समाजसेवी से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां बात कर रहे है। भाजपा नेता व वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल की।

**कौन है डॉ. विपिन पिव्हाल**

डॉ. विपिन पिव्हाल भाजपा नेता होने के साथ-साथ वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष भी है और इसके अलावा क्षेत्र की कई संस्थाओं से जुड़े हुए है। आपको यह भी बतादें कि विपिन हमेशा ही गरीब, वंचितों की सहायता के लिए आगे रहते है, यही कारण है कि आज आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अलावा दिल्ली के कई इलाको में चर्चा में है।

**भाजपा की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचा रहे है डॉ. पिव्हाल**

भाजपा नेता डॉ. पिव्हाल भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और केन्द्र सरकार द्वारा जो भी योजनाएं लागू की गई है, उसको जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है, जिससे की जनता को सुविधाएं मिल सके।

**जनसेवा के कार्यों में आगे रहते है डॉ. विपिन पिव्हाल..**

लॉकडाउन के दौरान भी भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल ने गरीबों व वंचितों और प्रवासियों की मदद की और विपिन पिव्हाल हमेशा ही सेवा के कार्यों में आगे रहते है।

**नर सेवा होती है नारायण सेवा...**

भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल का कहना है कि नर सेवा नारायण सेवा होती है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की जरूरतमंदों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सके।

**वीआईपी फाउंडेशन कर रहा है समाज को जागरूक**

वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि फाउंडेशन के माध्यम से गरीब और वंचितों की मदद की जाती है, इसके अलावा संस्था महिला, शिक्षा और बाल विकास पर विशेष रूप से कार्य कर रही है।

**हमें शिक्षा के महत्व को पहचाना होगा**

बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने भी कहा था कि शिक्षित बनों, संघर्ष करो और जागरूक रहो तभी आपका संपूर्ण विकास हो पायेगा। इसलिए मेरा सभी से कहना है कि सभी जागरूक बने और सभी अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये। जिससे की बच्चा पढ़-लिख कर समाज व देश का नाम रोशन करें।

## रक्तदान होता है महादान, इसलिए सभी करें रक्तदान: यादव

### रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है: सुनील यादव



**सुनील यादव ने कहा...**

= सुनील यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जहां पर भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, वहां पर जाये और रक्तदान करें।

= वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान होता है। इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी प्रेरित करें: यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी सुनील यादव ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए।

सुनील यादव ने आगे कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करे। जिससे की लोग अधिक से अधिक रक्तदान करें।

समाजसेवी सुनील यादव ने आगे कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान करें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जहां पर भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, वहां पर जाये और रक्तदान करें। आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में समाजसेवी सुनील यादव ने कहा कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है।

उन्होंने आगे बताया कि सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद और निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी का कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि सभी गरीबों व असहायों की मदद करें।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# कोल्ड स्टोर हादसा: राहत कार्य जारी

## हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया दुख, अधिकारियों को दिए निर्देश

### बचाव कार्य जारी

**एनडीआरएफ-एसडीआरएफ और तमाम टीमें 15 घंटे से ज्यादा समय से राहत और बचाव में लगी हुई हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/बुलंदशहर**
**उत्तर** प्रदेश में बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद स्थित गाजर कोल्ड स्टोर में शनिवार देर रात हुए हादसे के बाद राहत बचाव कार्य अभी भी जारी है। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ और तमाम टीमें 15 घंटे से ज्यादा समय से राहत और बचाव में लगी हुई हैं। खास बात यह है कि इस हादसे में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने घटना पर दुख जताया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार आधी रात को सिकंदराबाद क्षेत्र में सनराइज प्राइवेट लिमिटेड कोल्ड स्टोर के पांच शटरिंग फ्लोर गिरने से चार मजदूर दब गए थे। घटना के बाद जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विवेक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद एनडीआरएफ-एसडीआरएफ और एसपीओ की टीम लगातार काम कर रही है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि मलबे में दबे तीन मजदूरों को निकालने का प्रयास जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान भी कुछ हिस्सा गिर गया, जिसमें एक ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। एक मजदूर से बातचीत हुई। 15 घंटे से ज्यादा समय से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जल्द ही सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा।

## 'चुनाव जीताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/उन्नाव**
**निकाय** चुनाव को लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश चंद्र शर्मा उन्नाव पहुंचे। यहां उन्होंने नगर पालिका परिषद उन्नाव से बीजेपी अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्वेता मिश्रा, गंगाघाट नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष पद प्रत्याशी रंजना गुप्ता के चुनाव केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन कर पार्टी पदाधिकारियों को जीत का मंत्र दिया। साथ ही सपा व कांग्रेस पर करारा हमला बोला है। सपा को अपराधियों की पार्टी करार दिया। बीजेपी को विकास व विश्वास की पार्टी बताया। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बयान पर कहा की वह विपक्ष की कठपुतली बनने के बजाय अपने गिरेबान में झांक करके देखें। कानून व न्यायपालिका अपना काम कर रही हैं। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद के चुनाव जीताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं। कोविड में देशों में हाहाकार मचा था, जबकि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में वैज्ञानिकों ने 3 वैक्सीन बनाकर देश को साबित किया। अखिलेश यादव व राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सत्ता में सड़ा गेंहू खिलाया जाता था। सपा में भाई जान जैसे अपराधियों को विधायक बनाया जाता था। दिनेश शर्मा ने कहा पहले मऊ, आजमगढ़, प्रतापगढ़, गाजीपुर, प्रयागराज, कौशांबी अपराधियों से जाने जाते थे। यही अपराधी सरकार चलाते थे। अब भाईजान लोगों ने किसी की जान लेने की कोशिश की तो योगी का हंटर चलेगा।

# रतलाम-इंदौर डेमू ट्रेन की बोगियों में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

### कोई हताहत नहीं

**आग ट्रेन के ड्राइविंग मोटर कोच के जनरेटर में लगी थी, इसके बाद बोगी तक फैल गई। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया**



**टीम एक्शन इंडिया/रतलाम**
**रतलाम से** इंदौर जा रही डेमू ट्रेन में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। इससे यात्रियों में हड़कंप मचा गया। प्रीतम नगर स्टेशन पर ट्रेन के रुकने पर यात्री अपना सामान निकालकर डिब्बे से दूर खड़े हो गए। दमकल विभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 09390 रतलाम-अंबेडकर नगर डेमू एक्सप्रेस रविवार सुबह 6.35 बजे रतलाम से रवाना डॉ. अंबेडकर नगर के लिए रवाना हुई थी। रतलाम से 17 किलोमीटर दूर नौगांवा स्टेशन से होकर ट्रेन 4-5 किमी आगे निकली थी, तभी ड्राइविंग मोटर कोच के जनरेटर से चिंगारियां उठने लगी। हवा के कारण आग तेजी से फैलते हुए बगल वाली बोगी तक फैल गई। इंजन से उठती लपटें देख बगल वाली बोगी के यात्री घबरा गए। उन्होंने चेन पुलिंग करने की कोशिश की, लेकिन इतने में सुबह करीब 7 बजे ट्रेन प्रीतम नगर स्टेशन पर आकर ठहर गई। नौगांवा से प्रीतम नगर की दूरी 17 किलोमीटर है। ट्रेन रुकते ही यात्री दौड़ते-कूदते हुए स्टेशन पर उतरे। तब तक आग ने इंजन से लगी बोगी को भी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर सुबह 7.50 बजे फायर ब्रिगेड टीम भी मौके पहुंची और करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। हालांकि, आग में ड्राइविंग मोटर कोच और एक बोगी पूरी तरह जल गई। ड्राइविंग मोटर कोच के आधे हिस्से में इंजन और आधे हिस्से में यात्रियों के लिए बोगी अटैच होती है। रतलाम रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा के अनुसार आग ट्रेन के ड्राइविंग मोटर कोच के जनरेटर में लगी थी, इसके बाद बोगी तक फैल गई। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है।

# 'लोकसभा चुनाव में भाजपा 80 में सभी सीटें जीतेगी'



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**आगामी** 13 मई को सपा, बसपा एवं कांग्रेस के जाने का नारा दिया जा रहा है। प्रदेश के 17 शहरों में भाजपा निकाय चुनाव में जीत दर्ज करने जा रही है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 80 में से 80 सीट जीतेंगे। यह बातें रविवार को उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा नेता राकेश शुक्ला के ऑकलैंड स्थित आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 2019 कुंभ से अच्छा 2025 के महाकुंभ की व्यवस्था होगी। जिसमें कुंभ की पूरी पिक्चर दिखाएंगे। आगे कहा कि सपा अब समाप्तवादी पार्टी और बसपा बिल्कुल समाप्तवादी पार्टी बनकर रह गई है। अच्छे लोग ही पार्टी में रहेंगे, जो गंदे हैं वह पार्टी छोड़कर जाएंगे। इस दौरान उन्होंने मंत्री नंदी को जन्मदिन की बधाई दी और मंत्री नंदी के बयान पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। बता दें कि नगर निकाय चुनाव को लेकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज में हैं। शनिवार को सपा नेता रईस चंद्र शुक्ल को केशव प्रसाद द्वारा भाजपा में शामिल कराने के बाद नंदी भी नाराज हो गए हैं। उनका कहना है कि जिसे हमने चुनाव हराया था उसे बिना हमसे कोई बातचीत के पार्टी में शामिल कर लिया गया। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी पर बोलने से इन्कार किया। उन्होंने नन्दी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि उनके बारे में इससे अधिक कुछ नहीं कहूंगा। निकाय चुनाव पर उन्होंने कहा कि भाजपा का कमल खिलेगा।

### दावा

**2019 कुंभ से अच्छा 2025 के महाकुंभ की व्यवस्था होगी। जिसमें कुंभ की पूरी पिक्चर दिखाएंगे**

# 'गांव की समृद्धि के लिए पीएम करेंगे समावेशी विकास का शुभारंभ'

## अगस्त 2023 तक स्वामित्व योजना के तहत डेढ़ करोड़ अधिकारों का रिकॉर्ड-संपत्ति कार्ड बनाना है



**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**
**केंद्रीय** ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांव, गरीब और किसानों को पंचायती राज के माध्यम से समृद्धि के उद्देश्य से जागरूक करने के लिए समय देते हैं। इस वर्ष 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत गांव की समृद्धि के लिए समावेशी विकास का शुभारंभ करेंगे। गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री 24 अप्रैल को मध्य प्रदेश के रीवा से अमृत महोत्सव-समावेशी विकास के तहत नौ अभियानों का शुभारम्भ करने के साथ ही "आजादी का अमृत महोत्सव-समावेशी विकास" पर समर्पित वेबसाइट और मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ करेंगे। आजादी का अमृत महोत्सव-समावेशी विकास अभियान के तहत स्वामित्व-मेरी संपत्ति, मेरा हक विषय का लक्ष्य अगस्त 2023 तक स्वामित्व योजना के तहत डेढ़ करोड़ अधिकारों का रिकॉर्ड-संपत्ति कार्ड बनाना है। समावेशी विकास के तहत नौ अभियानों का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ आजादी का अमृत महोत्सव की थीम "विकास की ओर देखें कदम" में पांच मंत्रालयों को शामिल किया गया है।
ग्रामीण विकास मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और पशुपालन और डेयरी मंत्रालय का उद्देश्य जन-केंद्रित योजनाओं की संतृप्ति में लोगों की भागीदारी का उत्सव मनाना है।

### समृद्धि

**आजादी का अमृत महोत्सव-समावेशी विकास" पर समर्पित वेबसाइट और मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ करेंगे**

# मायावती ने आनंद मोहन की रिहाई को लेकर बिहार सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**बहुजन** समाज पार्टी(बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि बिहार सरकार की ओर से माफिया आनंद मोहन की रिहाई दलित समुदाय का अपमान है। इस मामले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने बिहार की नीतीश सरकार द्वारा, आन्ध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) महबूबनगर के रहने वाले गरीब दलित समाज से आईएएस बने बेहद ईमानदार जी कृष्णैया की निर्दयता से की गई हत्या मामले में आनन्द मोहन को नियम बदल कर रिहा करने की तैयारी देश भर में दलित विरोधी निगेटिव कारणों से काफी चचाओं में है।
आगे उन्होंने कहाकि आनन्द मोहन बिहार में कई सरकारों की मजबूरी रहे हैं, लेकिन गोपालगंज के तत्कालीन डीएम कृष्णैया की हत्या मामले को लेकर नीतीश सरकार का यह दलित विरोधी व अपराध समर्थक कार्य से देश भर के दलित समाज में काफी रोष है। उनकी चाहें कुछ भी मजबूरी हो, बिहार सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

# 25 आरएएस अफसरों के तबादले

**जयपुर:** राजस्थान में 24 अप्रैल से शुरू होने वाले महंगाई राहत कैंप से ठीक पहले गहलोत सरकार ने प्रशासनिक बेड़े में बड़ा बदलाव कर दिया है। कार्मिक विभाग की ओर से शनिवार मध्य रात्रि 25 आरएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। सभी अफसरों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पद पर कार्य संभालने के निर्देश दिए गए हैं। तबादला सूची में 6 अतिरिक्त जिला कलेक्टर और 6 उपखण्ड अधिकारी भी बदले गए हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार केसर लाल मीणा का आयुक्त नगर निगम बीकानेर, गोपाल लाल बिरधा का अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर, अनीता मीणा का आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं पदेन उप शासन सचिव जयपुर, वीरेंद्र सिंह चौधरी का जिला कलेक्टर सीलिंग न्यायालय बूंदी, चेतन चौहान का रजिस्टार राजस्थान संस्कृत विद्यालय जयपुर, बीना महावर का अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर भरतपुर, ओमप्रकाश विश्नोई प्रथम का अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट फलोदी जोधपुर तबादला किया गया है। इसके अलावा चांदमल वर्मा का निदेशक स्थानीय निकाय विभाग जयपुर, अंबालाल मीणा का विशेष अधिकारी जयपुर शहर परिवहन सेवा लिमिटेड जयपुर, देवेंद्र कुमार जैन का अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अध्यक्ष जिला क्रम समन्वय एवं परियोजना अधिकारी मांडा बीकानेर, राजेंद्र सिंह चुंडावत का जिला आबकारी अधिकारी पाली, अब्बू खान का रजिस्ट्रार में तैनाती की गई।

## विवाहिता ने प्रताड़ना और मारपीट के लगाए आरोप, दो पर केस दर्ज

**राजगढ़:** शहर ब्यावरा थाना क्षेत्र के ग्राम कांचरी में रहने वाली 25 वर्षीय महिला ने पति और देवर पर दहेज की मांग को लेकर पिछले दो साल से मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पति कंवरलाल पुत्र देवीराम वर्मा और देवर राहुल दहेज की मांग को लेकर पिछले दो साल से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

# आरक्षण की मांग को लेकर हाईवे जाम

**टीम एक्शन इंडिया/भरतपुर**
**राजस्थान** में आरक्षण की मांग को लेकर भरतपुर में शुक्रवार शाम से जयपुर-आगरा हाईवे जाम है। सड़क पर आंदोलनकारियों ने टेंट में रात गुजारीं। रविवार को बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे हाथों में लाठियां लेकर पहुंचे। माली, सैनी, कुशवाह, शाक्य, मौर्य और काछी समाज के लोगों ने 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर अरोदा और बेरी गांव के बीच हाईवे को बंद कर दिया। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने इंटरनेर नेट सेवाओं के निलंबन की अवधि आज रात 12 बजे तब बढ़ा दी है। रविवार दोपहर तक नेशनल हाईवे-21 पर अरोदा गांव के पास बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, युवा और बुजुर्ग हाथों में लाठियां मौजूद हैं। जयपुर या आगरा की ओर से आने वाले किसी भी वाहन को अरोदा गांव से नहीं निकलने दिया जा रहा है। जयपुर से आगरा की तरफ जाने वाले वाहनों को नगर-भरतपुर होते हुए निकाला जा रहा है। वहीं आगरा से जयपुर जाने वाले वाहनों को उच्चैन तिराहे और डेहरा मोड़ से डायवर्ट किया गया है। जबकि भारी वाहनों को उच्चैन तिराहे पर रोक दिया गया है। इससे नेशनल हाईवे पर उच्चैन से वाहनों की लंबी कतार लग गई है। आंदोलन को देखते हुए नेटबंदी रविवार रात 12 बजे तक के लिए बढ़ा दी गई है। नदबई, वैर और भुसावर में नेटबंदी होने के कारण स्टूडेंट्स को काफी परेशानी हो रही है। स

### इंटरनेट बंद

**सड़क पर आंदोलनकारियों ने टेंट में रात गुजारीं। रविवार को बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे हाथों में लाठियां लेकर पहुंचे**




### विवाद

## प्रशासन बोला- सिकिल सेल की बीमारी का पता लगाया

# मेडिकल परीक्षा के नाम पर युवतियों के प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/डिंडोरी**
**जिले में** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत अक्षय तृतीय के अवसर पर शनिवार को आयोजित सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले लड़का-लड़कियों के मेडिकल परीक्षण के नाम पर कई तरह की जांच कराए जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर आरोप है कि सामूहिक विवाह में शामिल होने वाली लड़कियों के प्रेग्नेंसी टेस्ट कराये गए हैं। स्थानीय कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमकार मरकाम ने रविवार को मामले में जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में लड़कियों के मेडिकल टेस्ट के नाम पर प्रेग्नेंसी टेस्ट किये जाने को लेकर ऐतराज जताते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। मरकाम ने प्रेग्नेंसी टेस्ट को जिले की युवतियों का अपमान बताया है। वहीं इस पूरे मामले पर जब डॉक्टर्स से सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि उन्हें ऊपर से आदेश था कि सभी युवतियों का मेडिकल परीक्षण करना है। जानकारी के अनुसार जिले के जनपद बजाग के 69, करंजिया 60, समनापुर के 51 और डिंडोरी के 39 जोड़ों को मिलाकर करीब 219 जोड़ों के विवाह शनिवार को आयोजित कराए, जिसकी तैयारियों को लेकर जनपद सीईओ स्तर से एक आदेश ब्लाक की सभी पंचायत के सरपंच-सचिव को जारी किए गए।

### सामूहिक विवाह में...

**जब डॉक्टर्स से सवाल किया गया तो बताया कि उन्हें ऊपर से आदेश था कि सभी युवतियों का मेडिकल परीक्षण करना है**